हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शनिवार, 21 दिसंबर 2024 अंक 69/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध •सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# एलपीजी- सीएनजी ट्रक में भीषण टक्कर, 5 जिंदा जले

## 11 मृतकों में से अब तक 6 की शिनाख्त

**जयपुर.**



जयपुर के भीषण हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि एलपीजी का ट्रक यूटर्न ले रहा है. इस दौरान पीछे से एक ट्रक आता है, जो एलपीजी ट्रक को टक्कर मार देता है. टक्कर के कारण एलपीजी के ट्रक का नोजल टूट जाता है और गैस का रिसाव होने लगता है. गैस रिसने के कुछ सेकंड बाद ही ब्लास्ट हो जाता है और हर तरफ आग ही आग नजर आती है. राजस्थान के जयपुर में शुक्रवार सुबह-सुबह 6 बजे एक भीषण सड़क हदसा हुआ. यहां एक ट्रक दूसरे एलपीजी ट्रक में जाकर टकरा गया. इस टक्कर के बाद एलपीजी ट्रक में आग लग गई और जोरदार ब्लास्ट हुआ. ब्लास्ट के बाद आसपास खड़ी करीब 40 गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं. आग इतनी भयावह थी कि झुलसने के कारण मौके पर ही 5 लोगों की जलकर मौत हो गई. हादसे में 40 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और इनमें से 3 लोगों की बाद में इलाज के दौरान और मौत हो गई. इस घटना में अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है. 35 से ज्यादा घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है. इसमें से 50 फीसदी से ज्यादा ऐसे हैं, जिनका शरीर हादसे में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा झुलस गया है. इसलिए आशंका है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है. हादसे की चपेट में आने वाली गाड़ियां जलकर पूरी तरह खाक हो चुकी हैं.

हादसे में घायल लोगों का इलाज जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में चल रहा है. राजस्थान के मुख्यमंत्री से लेकर देश के गृहमंत्री तक इस हादसे पर दुख जता चुके हैं. हादसा और भी भयावह रूप ले सकता था. क्योंकि जिस जगह पर ये दुर्घटना हुई उसके पास ही एक स्कूल भी था. दुर्घटना के बाद सुरक्षा के लिहाज से आस-पास का रास्ता डायवर्ट कर दिया गया था. राजस्थान के मंत्री गजेंद्र सिंह खिमसर ने हादसे पर बात करते हुए बताया कि अस्पताल में और बेड लगाए जा रहे हैं, ताकि सभी घायलों को इलाज मिल सके. 35 घायलों में से 50 फीसदी कम से कम 50 परसेंट तक जल चुके हैं. वहीं, इस हादसे को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि, "जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में नागरिकों के हताहत होने का दु:खद समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है। घटना की सूचना मिलते ही एसएमएस अस्पताल जाकर चिकित्सकों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं घायलों की समुचित देखभाल हेतु निर्देशित किया। प्रशासन द्वारा बचाव कार्य निरंतर जारी है। स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं पूरी तत्परता से कार्यरत हैं। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने परम धाम में स्थान, शोक संतप्त परिवारजनों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।"

### जयपुर-अजमेर हाईवे पर हुआ हादसा

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, जयपुर-अजमेर हाईवे पर सुबह करीब 6 बजे यह हादसा हुआ। 20-22 दमकल गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन ढाई घंटे बाद भी आग पूरी तरह से नहीं बुझ पाई है। हालात ऐसे थे कि कई वाहन इसकी चपेट में आ गए, क्योंकि दोनों ही वाहनों में ज्वलनशील पदार्थ भरा हुआ था।

### क्या मेनमैड है हादसा? उठे सवाल

इलाके के लोगों का कहना है कि जयपुर का हादसा मैनमेड कहा जा सकता है. जहां पर ये एक्सीडेंट हुआ है, वहां पर नेशनल हाईवे दिल्ली अजमेर पर यू टर्न लेने की मजबूरी सरकारों की लापरवाही का नतीजा है. वसुंधरा सरकार में रिंग रोड बनी मगर गहलोत सरकार में भी उपर चढ़ने के लिए पुलिया के पीलर बस खड़े हैं. भजनलाल सरकार आ गई मगर पुलिया अधूरी पड़ी है. किसी ने उसे पूरा करने की जहमत नहीं उठाई. जिसे भी आगरा-कोटा जाना होता है, वो रिंग रोड पर चढ़ने के लिए यहां से यू टर्न लेता है. इससे आए दिन हादसे होते हैं, मगर बड़ा हादसा हो गया.

## खबरें! एक नजर में!!

### मकान मालिक की हुई मौत तो 1.85 करोड़ में बेच दिया घर

**नई दिल्ली.** दिल्ली के द्वारका में 80 साल के एक रिटायर्ड अधिकारी की मौत हो गई. उनकी पत्नी की 2019 में ही मौत हो चुकी थी. दोनों की कोई संतान नहीं थी. इसलिए फ्लैट को हड़पने के लिए एक व्यक्ति ने उसके फर्जी डॉक्यूमेंट बनवाए और उसे एक करोड़ 85 लाख में बेच दिया. इस मामले में 70 साल की एक महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया गया है.

### अयोध्या राम मंदिर में लगाई गई नए पुजारियों की ड्यूटी

**अयोध्या.** राममंदिर में नए पुजारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। पुजारियों के लिए कई कठिन नियम भी बनाए गए हैं। इसी क्रम में पुजारियों के लिए राममंदिर में एंड्राएड फोन के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है। जल्द ही पुजारियों के लिए ड्रेस कोड लागू करने की तैयारी है। राममंदिर में अभी 14 पुजारी ड्यूटी दे रहे हैं। राममंदिर समेत कुबेर टीला व हनुमान मंदिर में पूजन के लिए पुजारियों को सात-सात के दो ग्रुप में बांटा गया है। दो अलग-अलग पालियों में इनकी ड्यूटी भी लगाई जा रही है।'

### जेपीसी कमेटी के अध्यक्ष बने भर्तृहरि महताब

**नई दिल्ली.** 'वन नेशन-वन इलेक्शन' से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक और एक अन्य विधेयक पर विचार के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया है, जिसमें 39 सदस्य होंगे। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद भर्तृहरि महताब को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समिति में लोकसभा के 27 और राज्यसभा के 12 सदस्य शामिल किए गए हैं। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार रात जेपीसी के गठन की घोषणा की। इस समिति का उद्देश्य विधेयक के सभी पहलुओं का गहराई से अध्ययन करना और इस पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना है।

### एनआईए की सोनीपत में ताबड़तोड़ छापेमारी

**नई दिल्ली.** एनआईए की टीम आज यानी शुक्रवार सुबह सोनीपत में छापेमारी करने पहुंची। एनआईए की टीम हिमांशु भाऊ गैंग के कनेक्शन खंगालने के लिए सोनीपत पहुंची है। बताया गया कि गांव शहजादपुर और भूर्री में छापेमारी की गई है। गांव भूर्री में प्रेम पुत्र नंदलाल के दो बेटे जो विदेश में रह रहे हैं, उनके हिमांशु भाऊ से कनेक्शन होने की जांच के लिए एनआईए और सोनीपत पुलिस की टीम पहुंची है।

## सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल और सीएम आतिशी को राहत



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ चल रही मानहानि केस की निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है. बीजेपी नेता राजीव बब्बर द्वारा दायर मानहानि मामले में केजरीवाल और सीएम आतिशी दोनों ने निचली अदालत से जारी समन को चुनौती दी थी. इससे पहले कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत दी थी और निचली अदालत में चल रही सुनवाई को स्थगित कर दिया था. गुरुवार को, शिकायतकर्ता के वकील द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए अधिक समय मांगने के कारण अदालत ने इस आदेश को बढ़ाया. अरविंद केजरीवाल और सीएम आतिशी ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनके और अन्य आप नेताओं के खिलाफ कार्यवाही खत्म करने से इनकार कर दिया गया था. यह मामला उन टिप्पणियों से जुड़ा है जिनमें आप नेताओं ने कथित रूप से मतदाताओं के नामों को हटाने का आरोप लगाया था. पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने इसी महीने की शुरुआत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें उन्होंने वोटर लिस्ट से हजारों नामों को हटाने और इसके लिए बीजेपी की तरफ से आवेदन दिए जाने का दावा किया था.

## बीजेपी दफ्तर के पास मिला लावारिस बैग

### इलाके में हड़कंप; पुलिस जांच में खुलासा

**नई दिल्ली.**

दिल्ली में भाजपा हेडक्वार्टर के बाहर एक संदिग्ध बैग मिलने से शुक्रवार को हड़कंप मच गया. किसी ने काले रंग का लैपटॉप बैग बीच सड़क पर लावारिस रखा छोड़ दिया. लोगों ने इसे देखा और बम होने की अफवाह फैल गई, जिससे इलाके में अफरातफरी फैल गई. सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और बम स्क्वॉयड को भी सूचना दे दी गई. दिल्ली पुलिस ने सड़क का वह हिस्सा सील कर दिया है, जहां बैग मिला है. फिलहाल बैग पुलिस ने जब्त कर लिया है और उसकी जांच की जा रही है. दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, तलाशी के बाद बैग के अंदर कैमरामैन से जुड़े उपकरण पाए गए. जानकारी के मुताबिक, थोड़ी देर में संबंधित कैमरामैन भी पुलिस के पास पहुंच गया. वह किसी मीडिया हाउस से जुड़ा हुआ था और गलती से सड़क पर बैग भूल गया था. इसके बाद दिल्ली पुलिस ने राहत की सांस ली है. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसके अलावा इस समय संसदीय सत्र भी चल रहा है. संसदीय सत्र के चलते सभी वीआईपी की मौजूदगी भी राजधानी में ही है. ऐसे में किसी भी तरह की बड़ी घटना को अंजाम देने पर देशविरोधी तत्वों की नजरें लगी रहती हैं. इसी कारण दिल्ली पुलिस ने इंटरनल हाई अलर्ट जारी कर रखा है. इसी के चलते भाजपा दफ्तर के पास लावारिस बैग मिलने की खबर के फौरन बाद पूरा अमला एक्टिव हो गया था.

## आप कैंडिडेट ने चुनाव लड़ने से किया इनकार

**नई दिल्ली.**

### पार्टी ने महेंद्र चौधरी को दिया टिकट

दिल्ली के महरौली से आम आदमी पार्टी के विधायक और इस सीट से उम्मीदवार नरेश यादव ने विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है. उनकी जगह पार्टी ने महेंद्र चौधरी को महरौली सीट से चुनावी मैदान में उतारने का ऐलान किया है. नरेश यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट कर बताया कि आज से बारह साल पहले अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी की राजनीति से प्रेरित होकर मैं आम आदमी पार्टी में आया था. इस पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है. आज अरविंद जी से मिलकर मैंने उनको बताया कि जब तक कोर्ट से मैं बाइज्जत बरी नहीं हो जाता, तब तक मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा. उन्होंने कहा कि मैं पूरी तरह से निर्दोष हूं



और मुझ पर लगाए गए इल्जाम राजनीति से प्रेरित और झूठे हैं. इसलिए मैंने उनसे गुजारिश की है मुझे चुनाव लड़ने से मुक्त कर दे. महरौली के लोगों की सेवार करता रहूंगा और एक आम कार्यकर्ता की तरह जी-जान लगाकर केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाऊंगा. पंजाब के मालेरकोटला जिले की अदालत ने कुरान की बेअदबी से जुड़े 2016 के एक मामले में नरेश यादव को दो साल की सजा सुनाई है. दरअसल 2016 में अज्ञात लोगों ने कुरान के पन्ने फाड़ कर मुस्लिम समुदाय के इलाके में फेंक दिये थे. जिसके बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया था और मुस्लिम समुदाय की भारी भीड़ ने स्थानीय अकाली दल विधायक के घर पर तोड़-फोड़ कर दी थी. हालात को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस को गोलियां भी चलानी पड़ी थी. इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था. इन गिरफ्तार लोगों में से एक मुख्य साजिशकर्ता विजय ने आम आदमी पार्टी के दिल्ली के महरौली से विधायक नरेश यादव का नाम पूरी साजिश रचने के लिए लिया था. पंजाब पुलिस को रिमांड के दौरान दिए बयान में कहा था कि इसी विधायक के कहने पर उसने मुस्लिम बहुल मलेरकोटला इलाके में तनाव फैलाने के लिए कुरान के पन्ने फाड़ने की साजिश रची थी.

## मेरठ में कथा के दौरान भगदड़, कई महिलाएं घायल

**मेरठ.**



उत्तर प्रदेश स्थित मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान भगदड़ मच गई. इस दौरान चार महिलाओं के घायल होने की सूचना है. जिसके बाद महिलाओं को तत्काल पास के अस्पताल में ले जाया गया है. शिव महापुराण की कथा पिछले पांच दिनों से चल रहा था. ये महापुराण कथा मेरठ के परतापुर के मैदान में चल रही थी. जानकारी के अनुसार आज महाशिवपुराण कथा का आखिरी दिन था. ये हादसा कथा पंडाल के एंट्री गेट पर हुआ. बताया जा रहा है कि एंट्री गेट पर भारी भीड़ होने की वजह से हंगामा मच गया, जिसके बाद धक्का-मुक्की के दौरान महिलाएं एक दूसरे पर गिर गईं. अचानक इस अव्यवस्था के बाद वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई.

जिसके बाद महिलाएं बचाव के लिए चीख पुकार करने लगीं. हालात बिगड़ते देख आसपास के लोगों के स्थिति को संभाला और पुलिस को सूचना दी. जिसके बाद पुलिस भारी सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंच गई. इस घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई जिसके बाद हालात को संभाला गया है. अभी तक अधिकारियों की ओर से घटना पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है. जानकारी के मुताबिक एंट्री और एग्जिट के लिए अलग-अलग गेट बने थे लेकिन ज्यादा भीड़ होने की दशा में सभी लोग एंट्री गेट से ही बाहर भी निकलने लगे. जिसकी वजह से ये हादसा हुआ.

### एंट्री गेट पर भीड़ होने की वजह से हुआ हादसा

शुरुआती जानकारी में ये पता चला है कि कथा के आखिरी दिन पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे. मौके पर मौजूद लोगों ने खुद स्थिति को संभालने की कोशिश की और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भेजा गया. समाचार लिखे जाने तक किसी भी घायल की हालत नाजुक नहीं थी और सभी खतरे के बाहर हैं. हालात संभालने में आसपास के गांव से आए लोगों ने मदद की.

## बद्रीनाथ नेशनल हाईवे नंदप्रयाग-चमोली के बीच 21 दिनों के लिए बंद



**चमोली.** चमोली बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग नंदप्रयाग से चमोली के बीच पार्थ दीप में स्लाइडिंग जॉन से पिछली बरसात में आये भारी मलबे को हटाने के लिए इस रूट को 18 दिसंबर से 7 जनवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है, जिसके कारण नंदप्रयाग टू गोपेश्वर नंदप्रयाग टू बद्रीनाथ यात्रियों के लिए बाईपास नंदप्रयाग टू कोठियाल सैण के लिए डायवर्ट किया गया है और सख्त आदेश दिए गए हैं कि स्लाइडिंग जॉन को पूरी तरह से सही किया जाए. आपको बता दें कि मानसून के दौर में नंदप्रयाग में लैंडस्लाइड जोन के अंतर्गत भारी भूस्खलन हुआ था. जिसमें लगभग आधा किलोमीटर का पूरा राष्ट्रीय राजमार्ग का एरिया भारी मलबे की चपेट में आ गया था. यहां वन लेन से आवाजाही की जा रही थी. बद्रीनाथ यात्रा काल में हाईवे को बंद करना मुमकिन नहीं था. वहीं, अब जब यात्रा समाप्त हो गयी है तो अब मार्ग को फिर से ठीक करने का काम किया जा रहा है, जिसके लिए जिला प्रशासन ने 21 दिनों में दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए हैं.

## भारत जोड़ो यात्रा में नक्सली संगठन शामिल

### सीएम देवेंद्र फडणवीस का दावा



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में अर्बन नक्सल का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. राज्य विधानसभा में सीएम फडणवीस ने कहा कि हमारे देश के चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप के सबूत संसद में आ गए हैं. 15 नवंबर 2024 को काठमांडू में एक बैठक हुई थी, जिसमें भारत जोड़ो के कुछ लोग उस बैठक में शामिल हुए थे. इसके बारे में सारी रिपोर्ट मेरे पास है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा, ''ये सब काठमांडू में तय हो रहा है. इस मीटिंग में महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करने के लिए बात की गई है. इसके सारे सबूत हैं. भारत जोड़ो यात्रा में 180 संगठन हैं, जिसमे 40 संगठन ने चुनाव में काम किया है और 48 संगठन फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन के हैं.'' देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा, ''18 फरवरी 2014 को मनमोहन सिंह सरकार के दौरान केंद्र सरकार ने लोकसभा में 72 फ्रंटल संगठनों का जिक्र किया था, जिनमें से 7 संगठन आपके भारत जोड़ो के हैं. एंटी-नक्सल ऑपरेशन में जिन 13 संगठनों के नाम लिए गए, उनका संबंध भारत जोड़ो से है.'' इसके साथ ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में ये भी कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से फैलाये गये झूठे नैरेटिव को हमने राज्य विधानसभा चुनाव में ध्वस्त कर दिया. महायुति की भारी जीत के बाद और बीजेपी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद नागपुर में राज्य विधानमंडल का शीतकालीन

### बैठक में इवीएम के खिलाफ आंदोलन का फैसला: फडणवीस

सीएम ने दावा करते हुए कहा, ''इस बैठक में उन्होंने ईवीएम के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन करने का फैसला किया. इवीएम को बदनाम कर बैलेट को लेकर दबाव बनाएंगे, यह एजेंडा भी तय किया गया था. इस भारत जोड़ो के 180 संगठनों ने (महाराष्ट्र) चुनावों के दौरान बैठकें कीं, 48 संगठनों को पहले फ्रंटल संगठन के रूप में नामित किया गया. तत्कालीन गृह मंत्री आरआर पाटिल ने इसका जिक्र किया था.

## अतिवादिता छोड़कर धर्म के मध्यम मार्ग पर चलना है: भागवत

**मुंबई.**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के 'हिंदुओं के नेता' बनने वाले बयान को अब हर तरफ समर्थन मिल रहा है. इस बीच उन्होंने एक और बड़ा बयान दिया है. भागवत ने कहा कि सभी बातों की अतिवादिता छोड़कर हमें धर्म का मध्यम मार्ग लेकर चलना है. शास्त्र लिखते वक्त उनमें मानव धर्म लिखा गया. अब उस धर्म को दुनिया भूल गई. विश्व शांति की घोषणा करके हमें बताया जाता है लेकिन वहां (विश्व के अन्य देशों में) अल्पसंख्यकों की क्या स्थिति है. ये विश्व शांति की बात करते हैं. भारत की परंपरा रही है और हमने तीन हजार साल तक ये करके दिखाया है.

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, हमारे देश में अन्य देशों की तरह न तो कभी कोई विपदा आई और न कभी आएगी. प्रणाली को न केवल शिक्षा को विनियमित करना चाहिए बल्कि उसका पोषण भी करना चाहिए. शिक्षा का पोषण पूरे समाज को करना चाहिए. साक्षरता और सीखने में अंतर है. इंसान बनने के लिए शिक्षा जरूरी है. उन्होंने मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त की. भागवत ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को लग रहा है कि वो ऐसे मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं.दुनिया को ये दिखाने की आवश्यकता है कि देश सद्भावना के साथ रह सकता है. रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है.

केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं क्योंकि हम हिंदू हैं. हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं.अगर दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं तो इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है.

### विचारों की दिशा नर को नारायण बनाने की हो

उन्होंने कहा, जन्म से सभी जानवर हैं. विचारों की दिशा नर को नारायण बनाने की होनी चाहिए न कि नर को नराधम बनाने की. मनुष्य बनाने के लिए शिक्षा की आवश्यकता होती है. शिक्षा कोई व्यवसाय नहीं है. अच्छी शिक्षा प्राप्त करके जितना चाहो कमाओ लेकिन फिर जो चाहो उसे रखो और बाकी सबको दे दो.

### हम महान नेतृत्व वाला देश बना सकते हैं

संघ प्रमुख ने कहा कि कुछ विचार चलन में आते हैं. हमें भी अपने सनातनत्व को संरक्षित करके अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का यही कार्य करना चाहिए. हम इसके शरीर और आंख को साकार रूप में देख सकते हैं. इसमें कोई संदेह नहीं कि हम महान नेतृत्व वाला देश बना सकते हैं. इससे पहले गुरुवार को पुणे में भारत-विश्वगुरु विषय पर बोलते हुए आरएसएस प्रमुख ने समावेशी समाज की बात की थी.

CMYK

# सिगरेट से लेकर सेकेंड-हैंड कार की सवारी होगी महंगी

## जीएसटी बैठक में हो सकता है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली.**



जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक से जैसलमेर में शुरू हो गई है और आज 21 दिसंबर को कॉउंसिल अपना फैसला सुनाएगी. जीएसटी काउंसिल की बैठक में पुरानी कारों और यूज्ड इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर जीएसटी बढ़ाने पर विचार कर रही है. इसके अलावा तंबाकू और सिगरेट जैसे उत्पादों पर भी जीएसटी को 7 फीसदी बढ़ाकर 35 फीसदी किए जाने के उम्मीद है.

गाड़ियों पर जीएसटी को बढ़ाकर 12 फीसदी फीसदी से 18 फीसदी किया जा सकता है. काउंसिल के इस फैसले से सेकंड हैंड गाड़ियां महंगी हो जाएंगी. जीएसटी काउंसिल की बैठक में पुरानी कारों, तंबाकू और सिगरेट पर जीएसटी बढ़ाने पर चर्चा होगी. इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी पर पड़ेगा और गाड़ियों की कीमतें बढ़ेंगी. वहीं, सिगरेट और तंबाकू खाने वालों को भी झटका लगेगा.

पुरानी कारों और जीएसटी बढ़ोतरी का प्रस्ताव जीएसटी फिटमेंट कमिटी ने दिया है. अभी ज्यादातर पुरानी गाड़ियों पर 12 फीसदी जीएसटी लगता है. अगर यह प्रस्ताव मंजूर हो गया तो पुरानी गाड़ियां महंगी हो जाएंगी. एसयूवी पर भी 22 फीसदी का कम्पेन्सेशन सेस लगता है. इस बारे में भी काउंसिल बैठक में स्पष्टीकरण आ सकता है. यह सेस अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं हो पाया है.

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में करीब 148 वस्तुओं में दर फेरबदल पर चर्चा होने की संभावना है. इसके अलावा, विमानन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा.

### बीमा प्रीमियम और घड़ियां होंगी महंगी

बैठक में जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर कम करने, महंगी कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर की दर बढ़ाने तथा अहितकर वस्तुओं के लिए अलग से 35 प्रतिशत कर लगाने पर विचार कर सकती है.स्विगी और जोमैटो जैसे खाद्य वितरण मंचों पर जीएसटी दर को वर्तमान 18 प्रतिशत (आईटीसी के साथ) से घटाकर पांच प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना) करने का प्रस्ताव है.

# वेंटीव हॉस्पिटैलिटी का आईपीओ खुला




**नई दिल्ली.**

वेंटीव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड जिसे पहले आईसीसी रियल्टी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था. को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खुला। बोली/प्रस्ताव समापन तिथि मंगलवार, 24 दिसंबर, 2024 है। इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 1 रुपए अंकित मूल्य) का कुल प्रस्ताव आकार 16,000 मिलियन रुपए तक है, जिसमें 16,000 मिलियन रुपए तक का नया निर्गम शामिल है। इस इश्यू का मूल्य बैंड 610 रुपये से 643 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 30 रुपये की छूट दी जा रही है ("कर्मचारी आरक्षण भाग छूट")।

न्यूनतम 23 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 23 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। कंपनी इश्यू से हाने वाली आय का इस्तेमाल इन उद्देश्यों के करने का प्रस्ताव करती है - कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों का आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान, जिसमें उस पर अर्जित ब्याज का भुगतान भी शामिल है। यह सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के साथ पठित एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) के अनुसार एक निर्गम है।

इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5 फीसदी हिस्सा केवल म्यूचुअल फंड्स को आनुपातिक आधार पर आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड्स सहित सभी क्यूआईबी (एंकर निवेशकों के अलावा) को आनुपातिक आधार पर आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि इश्यू प्राइस पर या उससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों। हालांकि, अगर म्यूचुअल फंड्स की कुल मांग नेट क्यूआईबी हिस्से के 5 फीसदी से कम है, तो म्यूचुअल फंड हिस्से में आवंटन के लिए उपलब्ध शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी को आनुपातिक आवंटन के लिए शेष क्यूआईबी हिस्से में जोड़ा जाएगा।

# लीड ग्रुप ने छात्रों के लिए लॉन्च किया 'पिनेकल'

**मुंबई.** भारत के स्कूल एडटेक क्षेत्र में अग्रणी, लीड ग्रुप ने पिनेकल के लॉन्च की घोषणा की, जो अपनी तरह का पहला, आधुनिक पाठ्यक्रम समाधान है। यह गहन शोध पर आधारित पाठ्यक्रम, पेडेगॉजी और सामग्री का समन्वय है ताकि देश भर के 60,000 से अधिक उच्च-शुल्क वाले (मंहगे) स्कूलों की वे ज़रूरतें पूरी की जा सकें जो अब तक पूरी नहीं हुई हैं। पिनेकल भारत के उच्च-शुल्क वाले स्कूलों को नियमित पाठ्यक्रम से परे आवश्यक नवोन्मेष और शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदान करता है। पिनेकल न केवल गहन शोध किए गए, एनसीएफ-अनुरूप पाठ्यक्रम, पेडेगॉजी और सामग्री का समन्वय करता है, लीड ग्रुप के मुख्य कार्यकारी और सह-संस्थापक, सुमीत मेहता ने कहा, "भारत में डिज़ाइन किया गया और विकसित समाधान, पिनेकल दो साल से अधिक के शोध और देश भर के स्कूलों के साथ सहयोग से मिली समझ के आधार पर तैयार किया गया है। यह आधुनिक पाठ्यक्रम समाधान की पेशकश कर प्रगतिशील भारतीय स्कूलों की उन ज़रूरतों को पूरा करता है जो लंबे समय से पूरी नहीं हुई हैं। यह समाधान पाठ्यक्रम, पेडेगॉजी तथा प्रौद्योगिकी में जो कुछ भी सर्वश्रेष्ठ है उस पर आधारित है और एनसीएफ 2023 के अनुरूप है। ऐसा भारत में स्कूली शिक्षा के लिहाज़ से पहली बार हो रहा है और पारंपरिक दृष्टिकोण के मुकाबले उल्लेखनीय बदलाव है जो मुख्य रूप से किताबों, या स्टैंडअलोन सॉफ्टवेयर या स्मार्ट क्लासरूम सामग्री पर केंद्रित हैं। हम एक ऐसा शिक्षा ब्रांड पेश कर रहे हैं जो मेड इन इंडिया (भारत में निर्मित) है और दुनिया में सबसे अच्छा है!

# कोटक बिज़लैब्स एक्सेलेरेटर प्रोग्राम की शुरुआत

**मुंबई.**

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (कोटक) ने स्टार्टअप्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कोटक बिज़ लैब्स एक्सेलेरेटर प्रोग्राम की शुरुआत की है। यह प्रोग्राम बैंक के सीएसआर प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शुरुआती राजस्व चरण वाले स्टार्टअप को सशक्त बनाना और उनके बिजनेस को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करना है।

इस पहल को भारत के शीर्ष इनक्यूबेटर्स, जैसे आईआईएमए वेंचर्स, एनएसआरसीईएल, और टी-हब के सहयोग से लॉन्च किया गया है। कोटक बिज़लैब्स मेंटरशिप, मार्केट तक पहुंच, और परामर्श सेवाओं के माध्यम से स्टार्टअप्स को उनके विकास में आने वाली चुनौतियों को पार करने में मदद करेगा। भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में जबरदस्त संभावनाएं हैं, लेकिन बाजार विस्तार, ग्राहकों को जोड़ने, साझेदारी बनाने, और फंड जुटाने जैसी कई चुनौतियां भी हैं।

अधिकतर प्रोग्राम शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स (विचार और अवधारणा) पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन कोटक बिज़लैब्स उन स्टार्टअप्स पर फोकस करेगा, जो अपने प्रोडक्ट्स को मार्केट में सही तरह से फिट करने और प्रतिस्पर्धा का सामना करने की कोशिश कर रहे हैं। कोटक बिज़लैब्स का उद्देश्य इन स्टार्टअप्स को बेहतरीन सहायता प्रदान करना है, जैसे; उच्च स्तरीय मार्गदर्शन और कार्यशालाएं, इकोसिस्टम एक्सपोज़र और प्रतियोगिताएं, व्यवसाय विकास और रणनीतिक साझेदारी, गारंटीड सीड फंडिंग और डेमो डेज़। यह प्रोग्राम न केवल स्टार्टअप्स को उनके मौजूदा लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हुए लंबी अवधि की सफलता की ओर ले जाएगा। कोटक बिज़लैब्स का उद्देश्य ऐसे स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना है जो समाज में बदलाव लाने वाले उत्पाद और सेवाएं बना रहे हैं।

यह कृषि प्रौद्योगिकी, क्लाइमेटटेक, फिनटेक, एडटेक, स्वास्थ्य सेवाएं और सतत् विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर फोकस करेगा। इस प्रोग्राम के जरिए, स्टार्टअप्स को न केवल फंडिंग बल्कि सलाह, प्रशिक्षण, और नेटवर्किंग के अवसर भी दिए जाएंगे, ताकि वे अपने बिजनेस को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें। महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे राज्यों में करीब 1,000 स्टार्टअप्स को वर्चुअल नॉलेज सेंटर, नेटवर्किंग और हाइब्रिड कार्यशालाओं का लाभ मिलेगा। इनमें से लगभग 50 स्टार्टअप्स को गहन सहायता मिलेगी और चुने गए 30 स्टार्टअप्स को 15 लाख रुपये तक का अनुदान भी मिलेगा।

कोटक की विज़नरी सोच और टी-हब की इकोसिस्टम विशेषज्ञता के साथ, हम स्टार्टअप्स को संसाधनों, इंडस्ट्री कनेक्शन और गहन मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। हमारा उद्देश्य स्टार्टअप्स को टिकाऊ बिजनेस बनाने में मदद करना और भारत में इनोवेशन के क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देना है। साथ मिलकर, हम स्टार्टअप्स के लिए सफलता के नए रास्ते बनाएंगे।

# शेयर बाजार फिर लाल निशान पर खुला

**नई दिल्ली.** घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 214.08 अंक फिसलकर 79,003.97 अंक पर और एनएसई निफ्टी 63.8 अंक की गिरावट के साथ 23,887.90 अंक पर आ गया। इसके अलावा रुपया शुरुआती कारोबार में छह पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.07 पर पहुंच गया।शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 4,224.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस बीच सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे.

# सिर्फ 1.8 लाख बन गए 984 करोड़

**नई दिल्ली.** शेयर बाजार में आपने बहुत से स्टॉक के बारे में सुना होगा कि उसने लोगों को कम समय में करोड़पति बना दिया, लेकिन क्या आपने कभी ऐसे शेयर के बारे में सुना है, जिसने कम समय में 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम दी है. वह भी सिर्फ 1.8 लाख रुपये ही निवेश करके, नहीं ना? आज हम एक ऐसे ही शेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने निवेशकों को कम समय में करोड़पति ही नहीं बनाया, बल्कि देश के अमीरों में शुमार होने का मौका दिया. BSE में लिस्टेड एक कंपनी के शेयरों ने छह महीने के भीतर 55,751 गुना रिटर्न दिया है. सितंबर तिमाही के अंत में कंपनी के पास केवल 322 पब्लिक शेयरहोल्डर्स थे और इसमें छह प्रमोटर्स को जोड़ने पर कुल शेयर होल्डर्स की संख्या 328 हो जाती है. कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 3,804 करोड़ रुपये है. कंपनी में केवल 50,000 शेयर पब्लिक शेयरधारकों के पास हैं, जो कंपनी में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं. इनमें 284 खुदरा निवेशक शामिल हैं, जिनके पास 2 लाख रुपये तक के शेयर हैं, जो कंपनी में 7.43 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं. पिछली कुछ तिमाहियों में खुदरा शेयरधारकों की संख्या में बहुत अधिक बदलाव नहीं आया है. दरअसल हम बात कर रहे हैं एक ऐसे शेयर की, जिसकी हाल फिलहाल में खूब चर्चा हो रही थी. यह भारत का सबसे महंगा शेयर है, जिसका नाम एल्सिड इंवेस्टमेंट है. जून में यह शेयर सिर्फ 3.53 रुपये पर था. 322 सार्वजनिक शेयरधारकों के पास इस कंपनी में सिर्फ 1.77 लाख रुपये के शेयर थे, जो आज उनकी कीमत 984 करोड़ रुपये हो चुकी है. इस शेयर के साल 2024 का पहला कारोबार 21 जून को हुआ था. साल 2023 में इसमें केवल दो दिन और 2021 में नौ दिन कारोबार हुआ. पिछले कुछ सालों में शेयर 2.00-3.50 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था.

लेकिन एल्सिड इन्वेस्टमेंट्स कम से कम 2006 से एशियन पेंट्स लिमिटेड की प्रवर्तक संस्थाओं में से एक रही और 30 सितंबर तक पेंट्स निर्माता कंपनी में इसकी 2.95 प्रतिशत हिस्सेदारी या 2,83,13,860 शेयर थे. गुरुवार के स्तर पर अकेले एशियन पेंट्स के इन 2,83,13,860 शेयरों की कीमत 6,490 करोड़ रुपये है. इसके अलावा, इसकी दो सहायक कंपनियों मुरहर इन्वेस्टमेंट्स एंड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड और सुत्तस्वर इन्वेस्टमेंट्स एंड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने अपनी सालाना रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार, दूसरी तिमाही में एशियन पेंट्स में क्रमशः 0.60 प्रतिशत और 0.68 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखी. इन दोनों हिस्सेदारी की कीमत 2,818 करोड़ रुपये है.

## अमरावती के विकास के लिए 6720 करोड़ की मंजूरी

**अमरावती.** विश्व बैंक ने आंध्र प्रदेश में अमरावती शहर के विकास के लिए 800 मिलियन अमरीकी डॉलर (करीब 6720 करोड़ रुपये) के ऋण को मंजूरी दी है। भारत के पूर्वी तट के साथ एक अच्छी तरह से जुड़े क्षेत्र में स्थित, अमरावती एक व्यापक महानगरीय क्षेत्र का हिस्सा होगा जिसमें दो शहर विजयवाड़ा और गुंटूर शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान विश्व बैंक के एक बयान के अनुसार, अमरावती एकीकृत शहरी विकास कार्यक्रम का उद्देश्य आंध्र प्रदेश में एक अच्छी तरह से प्रबंधित और जलवायु को ध्यान में रखकर बनाए गए शहर की स्थापना करना है।

भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा कि विश्व बैंक शहर के संस्थानों और बुनियादी ढांचे के डिजाइन का समर्थन करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञता लाएगा जो आर्थिक अवसर पैदा कर सकते हैं। वर्तमान में, अमरावती क्षेत्र में लगभग एक लाख लोग रहते हैं, और अगले दशक में जनसंख्या में कई गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। सरकार ने एक मास्टर प्लान तैयार किया है जो 2050 तक 35 लाख लोगों को समायोजित कर सकता है। विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक शहर के विकास के पहले चरण का समर्थन कर रहे हैं। विश्व बैंक ने कहा कि वित्तपोषण से निजी क्षेत्र के निवेश के रूप में भी 600 मिलियन डॉलर से अधिक की मदद मिल सकेगी।

# संविधान आने के बाद तुष्टिकरण की शुरुआत है: शाह



**नई दिल्ली.** शरिया लागू करना है तो पूरा कीजिए, क्रिमिनल से क्यों निकाल दिया. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने राज्यसभा में भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए अपने संबोधन में यह स्पष्ट किया कि, 'मुस्लिम पर्सनल लॉ इस देश में संविधान आने के बाद तुष्टिकरण की शुरुआत है।' शाह ने ज़ोर दिया कि, 'पर्सनल लॉ का अधिकार मिले तो आपत्ति नहीं है, फिर पूरा शरिया लागू होनी चाहिए।

क्रिमिनल में क्यों शरिया निकाल दिए?' बात चाहे चुनावी मैदान की हो या संसद में चर्चा करने की, भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह अपनी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरते हैं। वास्तविक तथ्यों, विपक्ष की खामियों और भाजपा की उपलब्धियों के साथ जब शाह अपना बाण चलाते हैं तो विपक्षी धाराशायी हो जाते हैं। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने 55 साल के अपने शासन में 77 बार संविधान में परिवर्तन किए, जबकि 16 साल के शासन में भारतीय जनता पार्टी ने 22 बार संविधान में परिवर्तन किए।

संविधान में संशोधन या परिवर्तन के पीछे के कारणों व उद्देश्यों से ही पार्टी का चरित्र और खासकर संविधान के प्रति पार्टी के विश्वास का एक प्रतिबिंब लोकतंत्र में जनता के सामने आता है। भारतीय राजनीति को नई पहचान दिलाने वाले शाह ने अपने संबोधन में यह स्पष्ट किया कि नेहरू के कार्यकाल में पहला संशोधन 18 जून, 1951 को हुआ, जिसके तहत 19 ए को जोड़ा गया, जिसका उद्देश्य अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक लगाना था। इंदिरा गांधी की सरकार ने 24वाँ संविधान संशोधन किया, संविधान एक विश्वास और श्रद्धा है। कांग्रेस एक हाथ से ओबीसी के आरक्षण का विरोध करती है तो दूसरे हाथ से धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत करती है, 200 सालों की गुलामी के बाद जब भारत आज़ाद हुआ तब दुनिया के राजनीतिक पंडितों का मानना था कि ये देश बिखर जाएगा और आर्थिक रूप से कभी आत्मनिर्भर नहीं हो सकेगा।

संविधान को स्वीकार करने के 75 साल बाद आज देश एक होकर मज़बूती के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। आज अमृतकाल में एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जो खुद को देश का प्रधान सेवक कहते हैं तो दूसरी ओर तानाशाही इंदिरा गांधी थी, जिन्होंने खुद को शासक कहा।

# अडानी ग्रुप के धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को बड़ी राहत



**नई दिल्ली.** धारावी झुग्गी बस्ती पुनर्विकास परियोजना को अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया गया है. बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि याचिका का कोई आधार नहीं है इसलिए इसे खारिज किया जाता है. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन ने यह याचिका दायर की थी जिसमें अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना देने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी. अडानी समूह ने 259 हेक्टेयर धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए सबसे अधिक बोली लगाई थी. 2022 की टेंडर प्रक्रिया में 5069 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ उसने इसे हासिल किया था. वहीं यूएई की सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन ने 2018 की निविदा को रद्द करने और उसके बाद 2022 में अडानी को निविदा देने को चुनौती दी थी. अदालत ने कहा, 'याचिका में उठाए गए आधारों में दम नहीं है. सरकार के टेंडर को रद्द करने और नई निविदा पेश करने के कदम को चुनौती देने में वह विफल रही है. तीन अरब डॉलर की धारावी परियोजना के तहत 620 एकड़ की जमीन को एक शहरी केंद्र में बदलने की है. यह जमीन न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क के आकार का लगभग तीन चौथाई है. मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नजदीक घनी आबादी वाली झुग्गियों में खुले सीवर और साझा शौचालयों वाली जर्जर झुग्गियों में रहने वाले लगभग सात लाख लोगों को 350 वर्ग फुट तक के फ्लैट मुफ्त दिए जाने हैं. धारावी मुंबई शहर के बीचों बीच बसा है और ये एरिया मुंबई की दो रेलवे लाइव वेस्टर्न और सेंट्रल के बीच मौजूद है. एक तरफ मुंबई का मशहूर बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और दूसरी तरफ दादर है. धारावी को एशिया के सबसे बड़े स्लम के तौर पर भी जाना जाता है.

# तेजी से बढ़ रहा रियल एस्टेट सेक्टर

## 4.2 अरब डॉलर का हुआ प्राइवेट इन्वेस्टमेंट

**नई दिल्ली.**

भारतीय रियल एस्टेट में चालू कैलेंडर वर्ष 2024 में 4.15 अरब अमेरिकी डॉलर का निजी इक्विटी (पीई) निवेश हुआ, जो सालाना आधार पर 32 प्रतिशत अधिक है. आवास खंड में अधिक प्रवाह से यह निवेश बढ़ा है. रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने भारत में निजी इक्विटी निवेश के रुझान 2024 रिपोर्ट जारी की है. कैलेंडर वर्ष 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश 415.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया.

नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, 2024 में आवासीय क्षेत्र में पीई निवेश दोगुना से अधिक होकर 1,17.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया. यह इस क्षेत्र में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है.

जिसमें अंतिम उपयोगकर्ता मांग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. चालू कैलेंडर वर्ष में गोदाम परिसंपत्तियों को 187.7 करोड़ डॉलर का निवेश मिला, जबकि कार्यालय संपत्तियों को 109.8 करोड़ डॉलर प्राप्त हुए. नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, भारत में निवेश में वृद्धि देखी गई है, खासकर पिछले एक दशक में जो आर्थिक स्थिरता और निरंतर वृद्धि से प्रेरित है.

### युएई से आया सबसे ज्यादा निवेश

❑ भारतीय रियल एस्टेट में कुल पीई निवेश में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ मुंबई सबसे पसंदीदा स्थान है. वर्ष 2024 में किए गए कुल पीई निवेश में से संयुक्त अरब अमीरात से पूंजी प्रवाह सर्वाधिक 1.7 अरब अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है, जो भारत में निवेश का 42 प्रतिशत है. भारतीय निवेशकों ने 2024 में 1.3 अरब अमरीकी डॉलर का निवेश किया, जो भारतीय रियल एस्टेट में कुल पीई निवेश का 32 प्रतिशत है. सिंगापुर स्थित संस्थाओं एवं कोषों ने भारत में निजी इक्विटी में अनुमानतः 63.37 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया.



महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र वैभवलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दर शुक्रवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 51 — सोडत दिनांक 20/12/2024

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — VL-06 : 2804
उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 2804 — प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1819 | 3067 | 3330 | 3373 | 3670 | 5328 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1439 | 1454 | 3533 | 4256 | 5570 | 6025 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1605 | 3815 | 3696 | 4393 | 5831 | 6000 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1434 | 3414 | 5440 | 5492 | 6567 | 6842 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)
रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1795 | 2132 | 2412 | 2961 | 3355 | 3780 | 4198 | 4529 | 4988 | 5559 | 6093 | 6566 |
| | | 1799 | 2136 | 2416 | 2975 | 3359 | 3792 | 4210 | 4543 | 4994 | 5565 | 6096 | 6569 |
| 1008 | 1401 | 1805 | 2138 | 2421 | 3011 | 3371 | 3793 | 4214 | 4550 | 4997 | 5575 | 6102 | 6589 |
| 1012 | 1404 | 1808 | 2141 | 2429 | 3030 | 3374 | 3799 | 4227 | 4553 | 5005 | 5577 | 6111 | 6590 |
| 1013 | 1412 | 1812 | 2147 | 2452 | 3031 | 3379 | 3816 | 4240 | 4571 | 5008 | 5588 | 6120 | 6599 |
| 1078 | 1414 | 1823 | 2152 | 2458 | 3035 | 3386 | 3831 | 4242 | 4590 | 5010 | 5595 | 6144 | 6606 |
| 1081 | 1429 | 1835 | 2153 | 2472 | 3043 | 3401 | 3832 | 4250 | 4634 | 5055 | 5596 | 6161 | 6608 |
| 1103 | 1443 | 1850 | 2202 | 2484 | 3073 | 3434 | 3835 | 4264 | 4698 | 5056 | 5606 | 6174 | 6616 |
| 1104 | 1454 | 1858 | 2204 | 2495 | 3079 | 3449 | 3849 | 4279 | 4706 | 5058 | 5663 | 6206 | 6626 |
| 1110 | 1470 | 1861 | 2210 | 2502 | 3083 | 3483 | 3869 | 4285 | 4710 | 5084 | 5677 | 6210 | 6629 |
| 1111 | 1478 | 1877 | 2211 | 2519 | 3090 | 3487 | 3871 | 4309 | 4720 | 5094 | 5711 | 6217 | 6633 |
| 1112 | 1481 | 1878 | 2215 | 2544 | 3096 | 3493 | 3887 | 4316 | 4739 | 5095 | 5724 | 6260 | 6642 |
| 1127 | 1501 | 1891 | 2216 | 2584 | 3121 | 3495 | 3902 | 4319 | 4744 | 5153 | 5754 | 6266 | 6655 |
| 1131 | 1506 | 1893 | 2221 | 2591 | 3132 | 3514 | 3907 | 4322 | 4747 | 5196 | 5757 | 6267 | 6656 |
| 1138 | 1518 | 1907 | 2222 | 2621 | 3136 | 3515 | 3947 | 4334 | 4749 | 5209 | 5759 | 6268 | 6659 |
| 1139 | 1524 | 1911 | 2226 | 2624 | 3145 | 3523 | 3966 | 4339 | 4751 | 5215 | 5779 | 6269 | 6667 |
| 1143 | 1531 | 1919 | 2240 | 2637 | 3154 | 3541 | 3978 | 4354 | 4758 | 5220 | 5786 | 6307 | 6674 |
| 1150 | 1553 | 1922 | 2250 | 2685 | 3156 | 3580 | 3987 | 4406 | 4774 | 5238 | 5787 | 6313 | 6676 |
| 1151 | 1575 | 1927 | 2252 | 2707 | 3160 | 3583 | 3993 | 4409 | 4777 | 5251 | 5805 | 6336 | 6687 |
| 1163 | 1584 | 1946 | 2253 | 2712 | 3165 | 3593 | 4003 | 4422 | 4784 | 5255 | 5808 | 6362 | 6689 |
| 1167 | 1614 | 1951 | 2256 | 2717 | 3170 | 3603 | 4004 | 4426 | 4786 | 5259 | 5838 | 6363 | 6756 |
| 1171 | 1615 | 1971 | 2261 | 2723 | 3171 | 3629 | 4007 | 4427 | 4804 | 5295 | 5868 | 6365 | 6764 |
| 1181 | 1618 | 1981 | 2272 | 2742 | 3183 | 3633 | 4024 | 4444 | 4809 | 5302 | 5875 | 6367 | 6769 |
| 1185 | 1624 | 1995 | 2279 | 2745 | 3195 | 3636 | 4027 | 4447 | 4810 | 5320 | 5885 | 6368 | 6777 |
| 1189 | 1644 | 2022 | 2289 | 2777 | 3199 | 3648 | 4039 | 4453 | 4841 | 5330 | 5888 | 6378 | 6786 |
| 1191 | 1678 | 2047 | 2291 | 2791 | 3237 | 3660 | 4063 | 4456 | 4864 | 5354 | 5891 | 6380 | 6819 |
| 1193 | 1679 | 2066 | 2297 | 2821 | 3238 | 3673 | 4074 | 4457 | 4879 | 5356 | 5897 | 6382 | 6822 |
| 1211 | 1681 | 2073 | 2299 | 2824 | 3243 | 3687 | 4099 | 4468 | 4880 | 5375 | 5905 | 6399 | 6838 |
| 1219 | 1685 | 2079 | 2300 | 2829 | 3248 | 3691 | 4121 | 4473 | 4884 | 5378 | 5954 | 6418 | 6839 |
| 1222 | 1690 | 2082 | 2330 | 2857 | 3283 | 3697 | 4126 | 4474 | 4894 | 5395 | 5960 | 6421 | 6865 |
| 1227 | 1697 | 2084 | 2332 | 2904 | 3307 | 3703 | 4131 | 4475 | 4928 | 5401 | 5967 | 6484 | 6876 |
| 1242 | 1699 | 2086 | 2343 | 2916 | 3315 | 3718 | 4142 | 4481 | 4935 | 5483 | 5997 | 6488 | 6898 |
| 1248 | 1711 | 2099 | 2356 | 2921 | 3318 | 3734 | 4144 | 4487 | 4939 | 5516 | 6045 | 6489 | 6905 |
| 1286 | 1712 | 2107 | 2362 | 2925 | 3335 | 3738 | 4147 | 4489 | 4941 | 5522 | 6048 | 6511 | 6913 |
| 1299 | 1755 | 2118 | 2372 | 2948 | 3339 | 3742 | 4190 | 4501 | 4983 | 5526 | 6067 | 6541 | 6945 |
| 1301 | 1757 | 2126 | 2395 | 2960 | 3352 | 3773 | 4193 | 4517 | 4984 | 5551 | 6082 | 6561 | 6963 |

MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW — सोडत दिनांक 03-01-2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — मालिका 10 — 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे) — नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा
वैभवलक्ष्मी — सोडत दिनांक 20/12/2024 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 51 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 20/12/2024

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 5466 | 3174 | 7956 | 8791 | 3094 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 1479 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई) — 3832

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2435 | 3480 | 5610 | 6214 | 7219 | | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0785 | 1673 | 2921 | 4286 | 4464 | 4700 | 5058 | 5415 | 7599 | 9562 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0581 | 0626 | 2502 | 2563 | 3361 | 5241 | 7539 | 7638 | 7888 | 8415 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| सहावे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0890 | 1629 | 2536 | 3393 | 4127 | 5165 | 6270 | 7107 | 8083 | 9297 |
| | 1001 | 1711 | 2580 | 3403 | 4149 | 5230 | 6330 | 7111 | 8285 | 9329 |
| 0000 | 1059 | 1759 | 2766 | 3474 | 4154 | 5270 | 6496 | 7151 | 8288 | 9364 |
| 0054 | 1131 | 1878 | 2837 | 3497 | 4186 | 5306 | 6546 | 7163 | 8343 | 9403 |
| 0107 | 1162 | 1886 | 2842 | 3517 | 4218 | 5331 | 6568 | 7275 | 8594 | 9452 |
| 0228 | 1167 | 1937 | 2879 | 3564 | 4307 | 5454 | 6569 | 7387 | 8804 | 9512 |
| 0231 | 1175 | 1938 | 2911 | 3590 | 4327 | 5513 | 6603 | 7474 | 8809 | 9599 |
| 0261 | 1183 | 1997 | 2966 | 3631 | 4424 | 5559 | 6630 | 7497 | 8836 | 9627 |
| 0280 | 1195 | 2102 | 2977 | 3663 | 4435 | 5564 | 6640 | 7507 | 8848 | 9641 |
| 0341 | 1214 | 2145 | 3029 | 3706 | 4508 | 5578 | 6706 | 7527 | 8868 | 9692 |
| 0349 | 1261 | 2237 | 3033 | 3762 | 4547 | 5705 | 6761 | 7648 | 8877 | 9696 |
| 0596 | 1271 | 2253 | 3034 | 3794 | 4781 | 5735 | 6768 | 7671 | 8897 | 9729 |
| 0602 | 1292 | 2264 | 3038 | 3795 | 4824 | 5736 | 6777 | 7702 | 8923 | 9855 |
| 0700 | 1392 | 2269 | 3113 | 3835 | 4891 | 5857 | 6781 | 7708 | 8988 | 9859 |
| 0791 | 1432 | 2281 | 3271 | 3971 | 4893 | 5899 | 6857 | 7738 | 9070 | 9881 |
| 0798 | 1461 | 2292 | 3291 | 3972 | 5005 | 6174 | 6951 | 7801 | 9108 | 9886 |
| 0800 | 1562 | 2370 | 3330 | 4024 | 5058 | 6220 | 6976 | 7852 | 9109 | 9889 |
| 0801 | 1570 | 2436 | 3332 | 4101 | 5084 | 6232 | 7047 | 7871 | 9128 | 9956 |
| 0808 | 1593 | 2448 | 3392 | 4109 | 5157 | 6267 | 7058 | 8072 | 9295 | 9995 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/12/2024 — जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹14 लाख — दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 20/12/2024 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# परभणी हिंसा मामले में होगी न्यायिक जांच: फडणवीस

## > राजनीतिक परवाह किये बिना किया जाएगा दंडित



**मुंबई.**

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि परभणी हिंसा और बीड जिले में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं. साथ ही मुख्यमंत्री ने परभणी मामले में गिरफ्तारी के बाद हिरासत में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी और सरपंच संतोष देशमुख के परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा की है. उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि अराजकता फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों को राजनीतिक जुड़ाव की परवाह किए बिना दंडित किया जाएगा.

फडणवीस ने कहा कि महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल पहले ही मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख की हत्या के मामले की जांच कर रहा है. उन्होंने कहा कि इसके अलावा 3 से 6 महीने की समयसीमा के साथ एक न्यायिक जांच भी की जाएगी. वहीं, मुख्यमंत्री ने देशमुख और सूर्यवंशी के परिजनों को 10-10 रुपए की वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की है.

परभणी रेलवे स्टेशन के बाहर 10 दिसंबर की शाम को बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति पर लगा कांच तोड़े जाने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था, जिसने हिंसक रूप ले लिया था. फडणवीस ने कहा, 'परभणी हिंसा की न्यायिक जांच कराकर सभी संदेह दूर किए जाएंगे. आंबेडकर किसी जाति तक सीमित नहीं हैं. वह सभी के हैं.'सरपंच संतोष देशमुख के अपहरण और हत्या से जुड़े मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. बीते दिन बीड जिले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के पूर्व तहसील प्रमुख विष्णु चाटे को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया. जहां से उन्हें 27 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. इससे पहले गिरफ्तार किए गए लोगों में जयराम चाटे, महेश केदार और प्रतीक घुले शामिल हैं. वहीं, पुलिस तीन अन्य लोगों की तलाश कर रही है.

### 'आंबेडकर किसी जाति तक सीमित नहीं हैं, वह सभी के हैं'

सीएम फडणवीस ने बीड के पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस की ओर से चूक हुई. सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत के मामले में भी न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं. परभणी में संविधान की प्रतिकृति के अपमान के मामले पर हिंसा होने के बाद सूर्यवंशी को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उनकी हिरासत में मौत हो गई थी.

## पुणे के इस हवाई अड्डे का बदलेगा नाम

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा ने 19 दिसंबर को पुणे के लोहेगांव हवाई अड्डे का नाम बदलकर "जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज हवाई अड्डा" करने का प्रस्ताव पारित किया. इस प्रस्ताव को अब आवश्यक कार्रवाई और हवाई अड्डे का नाम बदलने के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा. यह प्रस्ताव महाराष्ट्र विधानसभा के नियम 110 के तहत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की ओर से प्रस्तावित किया गया था और इसे विधानसभा की तरफ से पारित कर दिया गया. महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने पुणे हवाई अड्डे का नाम बदलने का प्रस्ताव पहले ही पारित कर दिया है. दरअसल, महायुति की पिछली सरकार ने बीते सितंबर में पुणे एयरपोर्ट का नाम बदलकर 'जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज एयरपोर्ट' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी. यह अहम फैसला एक कैबिनेट बैठक में लिया गया था और अब यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा. पिछली एकनाथ शिंदे सरकार में नागरिक उड्डयन और सहयोग राज्य मंत्री रहे मुरलीधर मोहोले ने इस फैसले का ऐलान करते हुए बताया था.

# ठाणे के 8 सदस्यों को किया निलंबित

**ठाणे.**



कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाया है। कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पार्टी से ठाणे जिले के 8 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया है। कांग्रेस ने हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन करने के लिए ठाणे से अपने आठ कार्यकर्ताओं को निलंबित कर दिया है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने शुक्रवार को 8 सदस्यों के निलंबन की यह जानकारी दी। कांग्रेस की ठाणे शहर जिला इकाई के अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने एक बयान में कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण सदस्यों को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने कांग्रेस की महाराष्ट्र प्रदेश ओबीसी इकाई के उपाध्यक्ष सुरेश पाटिल-खेड़े को भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के कारण छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा और वह राज्य की 288 सीटों में से मात्र 16 सीटें ही जीत सकी।

हम मांग करते हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए क्योंकि उन्होंने डॉ. भीम राव अंबेडकर का अपमान किया है।"महाराष्ट्र विधानसभा के लिए हुए आम चुनावों के नतीजे शनिवार, 23 नवंबर को घोषित किए गए। हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति ने कुल 288 निर्वाचन क्षेत्रों में से 230 सीटें हासिल कीं। भाजपा ने 132 सीटें जीतीं, जबकि उसके सहयोगी दल-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीटें जीतीं, और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें जीतीं। इसके विपरीत, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को करारा झटका लगा, जिसमें उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीतीं, कांग्रेस ने 16 सीटें हासिल कीं, और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) को सिर्फ़ 10 सीटें मिलीं।



# 'राहुल की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल थे अर्बन नक्सल'

## > फडणवीस का दावा

**मुंबई.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में दावा किया है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में अर्बन नक्सल संगठन शामिल थे. भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा थी. लोकसभा चुनाव से पहले संपन्न हुए इस दौरे में उन्होंने पैदल देशभर का भ्रमण किया था. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने शीतकालीन सत्र में अपने संबोधन के दौरान कहा कि 15 नवंबर 2024 को काठमांडू में ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ और महाराष्ट्र और दूसरे भाजपा शासित राज्यों में बैलेट पेपर से चुनाव फिर से शुरू करने के खिलाफ बैठक हुई थी. फडणवीस ने दावा किया कि इस बैठक में भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा रहे कई अर्बन नक्सल संगठनों ने हिस्सा लिया था. इनका मकसद चुनाव में गड़बड़ी पैदा करना था. संविधान की लाल किताब को बार-बार पर प्रदर्शित करने के लिए राहुल गांधी को अर्बन नक्सल बताने वाले फडणवीस ने एक महीने बाद नेता प्रतिपक्ष पर फिर से हमला बोला है. फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि नक्सलियों से जुड़े कई संगठन 'भारत जोड़ो यात्रा' का हिस्सा थे.

फडणवीस ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े 180 संगठनों में 40 ऐसे मुखौटे संगठन हैं जिन्हें राज्य की पूर्व कांग्रेस-एनसीपी सरकार ने अर्बन नक्सल घोषित कर रखा है. 2012 में, दिवंगत भाजपा विधायक गिरीश बापट ने विधानसभा में पुणे में कथित नक्सली प्रशिक्षण केंद्र के बारे में सवाल उठाया था. जवाब में, तत्कालीन गृह मंत्री आर.आर. पाटिल ने 48 फ्रंटल संगठनों की सूची जारी की, जिन्हें अर्बन नक्सल बताया गया था.

सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने बताया कि नक्सली गतिविधियां अब केवल ग्रामीण इलाकों तक सीमित नहीं रह गई हैं. इन गतिविधियों का केंद्र शहरी इलाकों में स्थानांतरित हो गया है. इसमें चंद्रपुर और नागपुर शहर शामिल हैं, जहां इन 48 संगठनों में से 20 ऐसे फ्रंटल संगठन सक्रिय हैं. सीएम फडणवीसने कहा कि 18 फरवरी, 2014 को मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान भी लोकसभा में महाराष्ट्र के सांसद ए. टी. नाना के सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने 72 फ्रंटल संगठनों की सूची जारी की थी. इनमें से 7 संगठन महाराष्ट्र में हैं, और ये संगठन भारत जोड़ो यात्रा में शामिल थे. इसके अलावा 13 वैसे संगठन जिनका नाम एंटी नक्सल ऑपरेशन में आया है, ये संगठन भी भारत जोड़ो से जुड़े हैं. बता दें कि राहुल गांधी की अगुआई में भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई थी. कांग्रेस ने इस यात्रा का उद्देश्य भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित "विभाजनकारी राजनीति" के खिलाफ देश को एकजुट करना बताया था.

# हिंदू भक्ति का स्थल है राम मंदिर

## > आरएसएस प्रमुख भागवत ने जनता से किया आग्रह



**पुणे.** पुणे में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत हिंदू सेवा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस महोत्सव के दौरान मोहन भागवत ने कहा, "भक्ति के सवाल पर आते हैं। वहां राम मंदिर होना चाहिए, और वास्तव में ऐसा हुआ है। वह हिंदुओं की भक्ति का स्थल है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने देश में दुश्मनी पैदा करने के लिए विभाजनकारी मुद्दे नहीं उठाए जाने और देश में एकता और सद्भाव का लाने का आग्रह किया है। यहां तक कि उन्होंने हिंदू भक्ति के प्रतीक के रूप में अयोध्या में राम मंदिर के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

हालांकि, उन्होंने विभाजन पैदा करने के खिलाफ चेतावनी दी। आरएसएस प्रमुख ने कहा, "लेकिन तिरस्कार और दुश्मनी के लिए हर दिन नए मुद्दे उठाना नहीं चाहिए। यहां समाधान क्या है? हमें दुनिया को दिखाना चाहिए कि हम सद्भाव में रह सकते हैं, इसलिए हमें अपने देश में थोड़ा प्रयोग करना चाहिए।"

इस महोत्सव में हिंदू संस्कृति और अनुष्ठानों के बारे में जानकारी के साथ-साथ महाराष्ट्र भर के मंदिरों, धार्मिक संगठनों और मठों द्वारा किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यों को प्रदर्शित किया जाता है। भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि सेवा को बिना किसी प्रचार की इच्छा के विनम्रतापूर्वक किया जाना चाहिए। उन्होंने संतुलित दृष्टिकोण की वकालत करते हुए देश और समय की जरूरतों के अनुसार सेवा को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। जीवन के महत्व को स्वीकार करते हुए उन्होंने लोगों को सेवा के कार्यों के माध्यम से हमेशा समाज को कुछ देने की याद दिलाई।

भागवत के अनुसार, मानव धर्म का सार दुनिया की सेवा करना है और हिंदू सेवा महोत्सव जैसी पहल युवा पीढ़ी को निस्वार्थ सेवा का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करती है। समारोह के दौरान, स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने सेवा, भूमि, समाज और परंपरा के बीच गहरे संबंध के बारे में बात की। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज और राजमाता जीजाबाई जैसे ऐतिहासिक उदाहरणों का हवाला दिया, जिन्होंने निस्वार्थ सेवा का उदाहरण दिया। उन्होंने दान को कृतज्ञता की मांग किए बिना दूसरों के साथ अपना आशीर्वाद साझा करने के रूप में परिभाषित किया। इस्कॉन नेता गौरांग प्रभु ने हिंदू सनातन धर्म के तीन स्तंभों-दान, नैतिकता और बोध को रेखांकित किया और हिंदुओं, जैनियों, बौद्धों और सिखों की साझा आध्यात्मिक नींव पर प्रकाश डाला। लाभेश मुनि जी महाराज ने इन भावनाओं को दोहराते हुए हिंदू सेवा महोत्सव को भावी पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का मंच बताया।

# तेज रफ्तार बस पलटी

## > 5 लोगों की घटनास्थल पर हुई मौत, 27 लोग घायल



**मुंबई.** रायगढ़ जिले से एक निजी बस पलटने की खबर सामने आ रही है। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शुक्रवार सुबह विवाह समारोह से लोगों को ले जा रही तेज रफ्तार बस पलट गई। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है और 27 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने इस दुर्घटना की जानकारी दी और बताया कि ये दुर्घटना सुबह करीब सवा नौ बजे मनगांव के निकट ताम्हिनी घाट पर हुई। उन्होंने कहा कि बस विवाह समारोह से लौटते वक्त पुणे के लोहेगांव से महाड के बीरवाड़ी की ओर जा रही थी। अधिकारी ने कहा कि एक मोड़ पर चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो गया, जिसके बाद वाहन पलट गया।

उन्होंने कहा कि दो पुरुषों और तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घायल हुए 27 लोगों को मनगांव ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि चार मृतकों की पहचान संगीता जाधव, गौरव दराडे, शिल्पा पवार और वंदना जाधव के रूप में हुई है जबकि एक व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है। बस की घटनाएं आए दिन सुनाई में आ ही रही है, जिसमें कई लोग मौत का शिकार हो जाते है। ऐसा ही एक मामला कुछ दिनों पहले कुर्ला में देखने को मिला था, जहां चालक की लापरवाही की वजह से एक भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। यह दुर्घटना 10 दिसंबर की है जो कि मुंबई के पश्चिम कुर्ला इलाके में हुई। चालक की लापरवाही के कारण बस ने संतुलन खो दिया और तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बाद में कुर्ला में हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद महाराष्ट्र सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित की है।

# दफ्तर में तोड़फोड़ पर भड़के अबू आजमी

मुंबई. सपा विधायक अबू आजमी ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''गुंडागर्दी और इस तरह हल्ला बिल्कुल ठीक नहीं है. जो बात करनी है जबान से करिए. विरोध करना है जताइए लेकिन हल्ला करना जंगलराज का काम है.'' बीजेवाईएम के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को मुंबई में कांग्रेस के कार्यालय में तोड़फोड़ की थी.

बीजेवाईएम कार्यकर्ता आजाद मैदान स्थिति कांग्रेस ऑफिस पहुंचे और तोड़फोड़ शुरू कर दी. उन्होंने कांग्रेस के नेताओं के पोस्टर पर स्याही भी फेंकी. पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज भी किया. इस दौरान कार्यकर्ता कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे. मुंबई पुलिस ने बीजेवाईएम के कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी ले लिया और उन्हें आजाद मैदान पुलिस स्टेशन ले गई. जहां उनकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प हुई. बीजेवाईएम ने तब प्रदर्शन किया जब कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया कि उन्होंने राज्यसभा में अपने भाषण में बाबासाहेब का अपमान किया. कांग्रेस की सांसद वर्षा गायकवाड ने तोड़फोड़ को लेकर बीजेपी को फटकार लगाई. उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''यही है जो बीजेपी और संघ परिवार ने बाबासाहेब का नाम सुनने के बाद हमेशा किया है- हमला और तोड़फोड़.

# मराठियों पर बढ़े हमले | राउत का बड़ा आरोप



**मुंबई.**

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने एक बड़ा चौंकाने वाला दावा किया है। उसका कहना है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद मराठी बोलने वाले लोगों पर हमले बढ़ गए हैं। इतना ही नहीं, यह भी आरोप लगाया कि ऐसा माहौल बनाया जा रहा, जिससे मराठी लोगों को मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों से बाहर निकाल दिया जाए। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने थाने जिले के कल्याण में एक घटना का उदाहरण दिया, जहां गैर-मराठी बोलने वाले लोगों ने एक मराठी परिवार पर हमला किया। उन्होंने मुंबई नौका हादसे को लेकर महाराष्ट्र सरकार को अशुभ बताया। साथ ही आरोप लगाया कि राज्य में डकैती और हत्याओं के मामले बढ़ रहे हैं।

### नक्सलियों का मुखौटा संगठन घोषित किया था: राउत

राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आरोप लगाया था कि कुछ संगठन, जिन्हें महाराष्ट्र की कांग्रेस-राकांपा सरकार और केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार ने शहरी नक्सलियों का मुखौटा संगठन घोषित किया था, भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए थे। इस पर राउत ने कहा कि हमें यह नहीं मानना चाहिए कि जिन लोगों ने भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लिया, वे नक्सली हैं। उन्होंने फडणवीस को भ्रष्टाचारियों पर ध्यान देने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि मराठियों पर हमले की साजिश रची जा रही है। कल्याण इसकी शुरुआत थी। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने शिवसेना को तोड़कर उसे कमजोर किया है ताकि स्थानीय लोगों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार किया जाए और मुंबई तथा इसके आसपास के इलाकों को मराठी भाषी बिल्डरों और व्यापारियों को दे दिया जाए। उन्होंने आगे कहा, 'राज्य विधानसभा चुनाव के बाद मराठी मानुष पर हमले बढ़े हैं। मराठी मानुष को मुंबई से बाहर भगाने के प्रयास किए जा रहे हैं और ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि मराठी मानुष ठाणे और कल्याण में न रहें। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग खुद को शिवसेना बताते हैं और सरकार में हैं, वे कल्याण की घटना पर ध्यान नहीं दे रहे और सिर्फ सत्ता के लिए बेताब हैं। भाजपा का रुख मराठी मानुष को खत्म करने का है।

# मुंबई बोट एक्सिडेंट में 7 साल का बच्चा लापता

**मुंबई.** मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के सामने पर्यटक नौका के भयानक हादसे में अभी भी लापता लोगों की तलाश की जा रही है। ये घटना मुंबई के तट पर नौसैनिक पोत द्वारा पर्यटक नौका को टक्कर से हुई थी। इस भीषण टक्कर के बाद लापता हुए सात साल के लड़के की तलाश के लिए अभियान शुक्रवार को भी जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। 43 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने के बाद, 18 दिसंबर को हुई इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई। नौसेना ने हार्बर इलाके में हुई घटना की जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा कि खोज और बचाव अभियान के तहत लापता यात्रियों की तलाश के लिए नौसेना के एक हेलीकॉप्टर व नौकाओं के अलावा तटरक्षकों को भी तैनात किया गया है।

दोनों वाहनों में सवार 113 लोगों में से 14 की मौत हो चुकी है जबकि 98 लोग घायल हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि नौसेना के पोत पर छह लोग सवार थे, जिनमें से दो बच गए हैं। दोपहर में नौसेना के पोत ने इंजन परीक्षण के दौरान यात्री नौका 'नील कमल' को टक्कर मार दी थी, जिसकी वजह से नौसेना के एक कर्मी और दो संविदा कर्मियों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी।

# वर्ली से मरीन ड्राइव जाना आसान

**मुंबई.** मुंबई नगर निगम मरीन ड्राइव और बांद्रा-वर्ली सी लिंक और उससे आगे के बीच मोटर चालकों की यात्रा को सुगम बनाने के प्रयास कर रहा है। सी लिंक एक्सटेंशन के अंतिम फेज में मरीन डाइव से बांद्रा-वर्ली सी लिंक तक अंतिम गर्डर जोड़ने का काम पूरा हो चुका है। मुंबई नगर आयुक्त भूषण गगरानी ने बताया कि यह फेज आगामी गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को वाहन चालकों के लिए खुला रहेगा। मुंबई सी कोस्टल रोड का निर्माण प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वर्ली छोर तक किया जा रहा है। यह रोड 10.58 किमी है।

## आज का राशिफल

मेष - जातकों के लिए कल दिन इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा. आपको अपने घरेलू कामों पर पूरा ध्यान देना होगा.

वृषभ - जातकों के लिए दिन आनंदमय रहने वाला है. आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. आप अपने फिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं.

मिथुन- जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा.

कर्क -दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है. आप अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाएंगे और किसी से यदि कोई कर्ज लिया था, तो उसे भी उतारने में सफल रहेंगे.

सिंह - शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा. यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें.

कन्या - जातकों के लिए दिन रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा. आपकी कला कौशल में सुधार आएगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा.

तुला -आज दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी.

वृश्चिक - आज कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. बच्चों के साथ आप समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे.

धनु -जातकों की नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी. आप अपने आवश्यक कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें. यदि आपने धन संचय करने का सोचा था

मकर -जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको पारिवारिक मुद्दों में ढील देने से बचना होगा.

कुंभ -आज दिन मिला-जुला रहने वाला है. आपको यदि कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से चल रहा था, तो उसमें भी काफी हद तक राहत मिलेगी.

मीन -आज दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा. साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा.

# अस्पतालों के चक्कर काट रहा शख्स

**मुंबई.**




'नीलकमल' नाव हादसे के बाद से जोगाराम भाटी (60) बुधवार से एक भी पल सो नहीं पाए हैं और छोटे भाई की तलाश में वह अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं. मुंबई निवासी हंसाराम भाटी (43) राजस्थान के अपने रिश्तेदारों के साथ 'एलीफेंटा' द्वीप घूमने गए थे और तभी मुंबई तट के पास यह हादसा हो गया.

कोलाबा पुलिस थाने के बाहर जोगाराम ने कहा कि उनका भाई पश्चिमी उपनगर मलाड में रहता था और वह 'आर्टिफिशियल' आभूषणों का व्यवसाय करता था. उन्होंने बताया कि बुधवार को हंसाराम के साले के बेटे प्रवीण राठौड़ तथा उसकी पत्नी नीतू राजस्थान से यहां आए थे और वे मुंबई में घूमना चाहते थे.

हंसाराम अपने काम से एक दिन की छुट्टी लेकर रिश्तेदारों के साथ 'एलीफेंटा' द्वीप के लिए रवाना हुए और वे लोग गेटवे ऑफ इंडिया पहुंचकर उस नाव पर सवार हो गए जो दुर्घटनाग्रस्त हो गई. नौसेना के पोत से टक्कर के बाद नाव पलट गयी, इस दौरान प्रवीण और उनकी पत्नी ने बचाव कार्यों के बीच राजस्थान में अपने रिश्तेदारों से फोन पर बात कर घटना की जानकारी दी.

जोगाराम ने कहा, "राजस्थान में हमारे रिश्तेदारों ने मुझे बताया और मैं शाम करीब सवा चार बजे गेटवे ऑफ इंडिया पहुंचा. प्रवीण और उसकी पत्नी को बचा लिया गया, लेकिन मेरा भाई वहां नहीं था." भावुक जोगाराम ने कहा, "मैं नहीं जानता कि वह कैसा है और उसे किन कठिनाइयों से गुजरना पड़ा होगा, लेकिन मैं अपने भाई को वापस चाहता हूं. शहर के गोवंडी क्षेत्र निवासी दीपक वाकचौरे (50) इस हादसे में मारे गए और उनके एक रिश्तेदार ने सरकार से प्रत्येक मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग की है. हादसे में पोत और पर्यटक नाव पर सवार 113 लोगों में से 13 लोगों की जान चली गई थी जबकि घायल दो लोगों सहित 98 लोगों को बचा लिया गया.

**PUBLIC NOTICE**
Pro. No. 8564 Date 12.12.24
IN THE COURT OF 5th Jt. CIVIL JUDGE JR. DN., NAGPUR. Room No. 404
Succession Case No. 321/2024
Fixed For 14/01/2025

**Applicants : 1) Ram S/o Narayan Channe,** R/o Plot No. 25, Pawansut Nagar, Near Ramna Maroti Nagar, Nagpur. **2) Krushna S/o Narayan Channe,** R/o Plot No. 25, Pawansut Nagar, Near Ramna Maroti Nagar, Nagpur. **3) Suryakant S/o Narayan Channe,** R/o Plot No. 25, Pawansut Nagar, Near Ramna Maroti Nagar, Nagpur.
**--Versus-- Non-Applicants:** Nil
**Name of Deceased : 1) Nirmalabai Wd/o Narayan Channe, Died On: 29/09/2021,** R/o Plot No. 25, Pawansut Nagar, Near Ramna Maroti Nagar, Nagpur.
Whereas **Nirmalabai Wd/o Narayan Channe, Died On: 29/09/2021** R/o Plot No. 25, Pawansut Nagar, Near Ranına Maroti Nagar, Nagpur. and Wherea **Ram S/o Narayan Channe & Oth.** has presented an application to this Court for grant of Succession Certificate U/s 372 of Indian Succession Act, in respect of the **Arrears for Family Pension Rs. 1,80,130/-** standing in the name of the deceased & left by the deceased.
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Ram S/o Narayan Channe & Oth.** as successor, of the deceased, to appear in the Court of **5th Jt. Civil Judge Jr. Dn., Nagpur** on **14th day of Jan., 2025** at 10.30 a.m. There to enter their objections and it is here by declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of succession of the said deceased.
Given under my hand and the seal of the court, this day of **11th day of November, 2024.**
Seal
By order of the Court
Asstt. Supdt. (T.W.)
Civil Judge Sr.Dn. Nagpur.
Prasanna Publicity 09326927622

**कोर्ट विद्यमान सुनिल साळवे**
**नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर शहर यांचे कार्यालय, जिल्हा नागपूर.**
Email : www.tahsildarngpcity@gmail.com Phone No. 0712-2561975
क.ली/प्रस्तु- २/तह.नाग.(शहर)/प्र.क्र. १३०/कावि- क्यू/२०२४
दिनांक १०/१२/२०२४
**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, दि. १५/१०/२०२३, **५)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/ जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/ २०२४, **६) वकील अहमद अब्दुल जब्बार,** वय- ५२, धंदा- खाजगी, रा. १७१/सी, संघर्ष नगर, उप्पलवाडी, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक ०५/०९/२०२४.
**जाहीरनामा**
ज्याअर्थी अर्जदार **वकील अहमद अब्दुल जब्बार,** वय- ५२, धंदा- खाजगी, रा. १७१/सी, संघर्ष नगर, उप्पलवाडी, नागपूर यांनी त्यांचे वडील यांच्या **मृत्युची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.
सदर्हू वडील नामे **अब्दुल जब्बार** यांचा **मृत्यु दिनांक २९/०४/१९८७** रोजी संघर्ष नगर, उप्पलवाडी, नागपूर येथे झाला. असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **मृत्यु** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.
त्याअर्थी मी नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १, आणि २, ३, ४, व ५ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **मृत्यु** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **मृत्यु** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **मृत्यु** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.
शिक्का
(सुनिल साळवे)
नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर.
Prasanna Publicity 09326927622

**कोर्ट विद्यमान सुनिल साळवे**
**नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर शहर यांचे कार्यालय, जिल्हा नागपूर.**
Email : www.tahsildarngpcity@gmail.com Phone No. 0712-2561975
क.ली/प्रस्तु- २/तह.नाग.(शहर)/प्र.क्र. १३१/कावि- क्यू/२०२४
दिनांक १०/१२/२०२४
**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, दि. १५/१०/२०२३, **५)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/ जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/२०२४, **६) वजीर सय्यद सयूयद बशीर,** वय- ५९, धंदा- खाजगी, रा. नियर रोशन शाळा, प्लॉट नं. ७५, हबिब नगर, टेका, डॉ. आंबेडकर मार्ग, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक ०९/१०/२०२४.
**जाहीरनामा**
ज्याअर्थी अर्जदार **वजीर सय्यद सयूयद बशीर,** वय- ५९, धंदा- खाजगी, रा. नियर रोशन शाळा, प्लॉट नं. ७५, हबिब नगर, टेका, डॉ. आंबेडकर मार्ग, नागपूर यांनी त्यांचे वडील यांच्या **मृत्युची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.
सदरहू वडील नामे **सय्यद बशीर सय्यद जुलफु** यांचा **मृत्यु दिनांक १०/१२/१९९२** रोजी मेओ हॉस्पीटल, नागपूर येथे झाला. असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **मृत्यु** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.
त्याअर्थी मी नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १, आणि २, ३, ४, व ५ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **मृत्यु** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **मृत्यु** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **मृत्यु** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.
शिक्का
(सुनिल साळवे)
नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर.
Prasanna Publicity 09326927622

## सुविचार

छोड़ना उन्हें छोड़ देना ही उचित है.
जो आपके होने का मूल्य ना जानते हों.

## संपादकीय

# सहयोग संग सावधानी

❍ भारत और चीन के बीच बुधवार को हुई विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत में बनी सहमति इस बात का ठोस संकेत है कि दोनों देशों के रिश्तों में पिछले चार साल से आया ठहराव धीरे-धीरे दूर हो रहा है। हालांकि यह प्रक्रिया अभी शुरुआती चरण में है और इससे जुड़े कई किंतु-परंतु कायम हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान हुई मुलाकात के बाद से मतभेद दूर करने की प्रक्रिया में जो तेजी आई, उसका असर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बने माहौल पर भी दिखा। पांच साल के अंतराल पर हुई विशेष प्रतिनिधियों की बैठक में सहमतियों पर अमल की तो पुष्टि हुई ही, यह संकेत भी मिला कि अब दोनों पक्ष इससे आगे बढ़ने को तैयार हैं। बॉर्डर ट्रेड, ट्रांस बॉर्डर नदियों पर डेटा शेयरिंग और मानसरोवर यात्रा की संभावनाएं वाकई उत्साह बढ़ाने वाली हैं।

जैसे-जैसे सीमा संबंधी मसलों पर सहमति बन रही है और वहां माहौल सामान्य होने की तरफ बढ़ रहा है, दोनों देशों के रुख में सहयोग पर जोर भी बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, चीन का काफी समय से आग्रह रहा है कि एलएसी से जुड़े मसलों को एक तरफ करके सहयोग बढ़ाया जाए, लेकिन भारत अपने इस रुख पर अडिग रहा कि जब तक एलएसी पर हालात सामान्य नहीं होते, रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। ऐसे में यह गौर करने वाली बात है कि अब भारत की तरफ से भी सहयोग का दायरा बढ़ाने की संभावना पर पॉजिटिव रुख दर्शाया जा रहा है।इस बात को भी कुछ हलकों में रेखांकित किया गया है कि संबंधों में सुधार और बातचीत में प्रगति को व्यक्त करने के दोनों पक्षों के तरीकों में पूरी तरह समानता नहीं है। मिसाल के तौर पर, बातचीत के बाद दोनों तरफ से जो अलग-अलग बयान जारी किए गए, उनमें अंतर है। जहां चीन के बयान में स्पष्ट शब्दों में सर्वसम्मति के छह बिंदु गिनाए गए हैं, वहीं भारत के बयान में इन्हें सर्वसम्मति करार देने से बचा गया है।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की ओर से बुधवार को ही जारी पेंटागन की सालाना रिपोर्ट की यह बात भी गौर करने लायक है कि चीन ने न तो गलवान घाटी में जून 2020 को हुई सैन्य झड़प के बाद इस क्षेत्र में बढ़ाई गई सैन्य तैनाती में कोई कमी की है और न ही टैंकों, मिसाइलों व अन्य भारी हथियारों की संख्या में कोई कटौती की है। हालांकि अभी उस इलाके से सैन्य वापसी की प्रक्रिया शुरू होनी बाकी है, लेकिन फिर भी चीन के पिछले रेकॉर्ड को देखते हुए सतर्क रहने की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता।

## लघुकथा

रामजी मिश्र

# महायुद्ध की समाप्ति

❍ भरी दोपहरी का समय था। पेड़ मुरझाये से खड़े थे। कोई अपने घर से निकलना नहीं चाह रहा था। चम्पा कली अकेले बरोठे में लेटी थी शायद वह अपने भरतार की यादों में खोई थी क़ि अचानक डाकिये ने आवाज लगा दी। चम्पा कली भाग आयी और कहने लगी का संदेसा लाये हो जरा पढ़ के भी सुना देना किसे ढूँढूंगी। अब दोपहर तो है ही सो तुम ही पढ़ डालो। डाकिया चुप चाप खड़ा था। चम्पा कली कुछ भौंहे सिकोड़ते हुए कहने लगी ए डाक बाबू काहे नहीं जवाब दे रहे हो। डाकिये ने उसे घूर कर देखते हुए कपड़े आगे बढ़ा दिये। चम्पा कली कपडे लेकर बोली ये तो वर्दी भेजी है ऐसा करो ये तुम ले लो और अब सन्देश भी पढ़ दो। डाकिया दबे स्वर में कांपते हुए बोला वो द्वतीय विश्व युद्ध में शहीद हो गए। चम्पा कली वर्दी फेककर चीख उठी तुम्हें कैसे मालूम। वह रो कर भाग गई और आँगन में लगे तुलसी के पास रोने लगी। कुछ ही छणों में पूरे गाँव में हाहाकार मच गया पूरे गाँव में गमी छा गयी। चम्पा कली के घर भीड़ लग गयी अचानक वह खीज कर उठी और पूरी भीड़ पर चिल्ला उठी "क्या तमाशा है"। परिवार वालों के लाख प्रयासों के बावजूद चम्पा कली ने कोई श्रृंगार न उतारा।चम्पाकली को एक पंडित ने बताया था कि चम्पा के जीवित रहते उसके परिवार के सदस्यों का कुछ न बिगड़ेगा। उसे एक आस थी एक विश्वास था। वह पूरा दिन तुलसी के पास कुछ कहा सा करती। कभी रोती तो कभी शांत बैठी रहती। न किसी से मिलना न सही भोजन करना बस जरुरी काम निपटाकर तुलसी के पौधे के पास बैठ जाना। ठीक 1 साल बाद डाकिये ने फिर चम्पा कली को आवाज दी। पर चम्पा कली ने कोई ध्यान न दिया तब तक उसे अपने दरवाजे पर बहुत शोरगुल अहसास हुआ वह फिर भी न उठी। आज ठीक वैसी ही दोपहरी है जैसी उस दिन थी चम्पा सोच ही रही थी कि उसकी बांह किसी ने पकड़कर उसे खड़ा किया उसने जैसे ही मुंह उठाकर देखा तो प्रेमाश्रु की धार बह निकली प्रेमी युगल में दोनों एक दूसरे से कुछ भी कह नहीं पा रहे थे। लोग कह रहे थे फौज ने गलती से वर्दी भेज दी हम लोग तो सच मान बैठे थे। आज वह पंडित भी आये थे वह खुद की विद्या का डंका बजा रहे थे। कोई कुछ कह रहा था तो कोई कुछ आज लोगों के पास शब्दों के अम्बार थे जो उस दिन मौन थे। कोई कह रहा था धन्य है सती की तपस्या। आज मुकुट बिहारी त्रिवेदी द्वतीय विश्व युद्ध से एक साल छह माह बाद लौटा था। अब महायुद्ध समाप्त हो चुका था एक सैनिक के लिए भी और एक सती के लिए भी।

## संस्मरण

शालिनी मुखरैया

# सांप-सीढ़ी

❍ रमेश जब घर में घुसा, तो घर का माहौल स्तब्ध था। बच्चे अपनी अपनी पढ़ाई में व्यस्त एवं उसकी पत्नी ''शांति'' (नाम की शांति पर वैसे '' अशांति ') अपने कोपभवन में थी। एक न एक दिन तो यह होना ही था। मेज पर पड़ा लिफाफा सारी कहानी बयान कर गया। वह समझ गया कि जरूर मां और बाबूजी के आने की सूचना आ गई है। पत्र का मजमून भी वही था। रिटायरमेंट के बाद मां-बाबूजी अपने बेटे बहू के पास रहने के लिए आ रहे थे। आखिर जाते भी तो कहा जाते। गाव का मकान उसकी पढ़ाई, नौकरी लगवाने और बहन की शादी का खर्च उठाने के चक्कर में बिक गया पूरी जिंदगी पिताजी के अभावों में काट कर बच्चों की जिंदगी बनाने में लगा दी। वह अपने मां पिताजी का दर्द समझता था मगर उसकी पत्नी अपने ससुराल वालों से नाता नहीं रखना चाहती थी। बहुत ही, मुँहफट, कर्कश एवं झगड़ालू किस्म की औरत थी। उसके कर्कश व्यवहार की वजह से वह धीरे-धीरे सब रिश्तेदारों के कट गया था। सिर्फ बच्चों की वजह से वह इस रिश्ते को निभा रहा था। मां-बाबूजी का आना जो उसके एकछत्र राज्य में हनन था। वह चाहती थी कि शहर के किसी अच्छे वृद्धाश्रम में मां बाबूजी को भेज दिया जाय, खर्चा तो वह उठा ही लेंगे. मगर साथ रखने को वह राजी न थी। इस मुद्दे पर न जाने कितनी बार घर में बहस हो चुकी थी।

क्या तुम पागल हो गई हो? मैं उनका अकेला लड़का हूँ, आखिर वे जाएंगे तो कहा जाएंगे ''रमेश क्रोध में चिल्लाया, अगर वो सदा के लिए यहां रहे तो मैं घर छोड़ कर चली जाऊँगी 'शांति ने ''अशांति'' से पैर पटकते हुए कहा।बच्चे बेचारे अपने कमरे में सहम कर बैठ जाते और अंत में नाटक का पटाक्षेप इस प्रकार हो कि घर में न तो चूल्हा जलता पतिपत्नी दोनों गुस्से का घूँट पी कर और बच्चे बेचारे रूखी ब्रेड खाकर सो जाते मां बाबूजी कल सुबह ही आ रहे थे. रमेश ने दफ्तर से छुट्टी ले ली थी और मां बाबूजी को लेने स्टेशन पहुँच गया. ट्रेन समय पर आ गई. रमेश ने मां बाबूजी के चरण छुए रमेश के मां बाबूजी अपने बेटे की वैवाहिक परिस्थिति से अच्छी तरह परिचित थे. मगर वह अपने बेटे का कहा भी टाल नहीं सकते थे।घर पहुँच कर मां बाबूजी का सामान गेस्ट रूम में लगा दिया गया। बच्चे दादा-दादी के आने से बेहद प्रसन्न थे, मगर अपनी मां के आगे सहमे से रहते थे।बाबूजी की अनुभवी आंखों ने ताड़ लिया कि घर में तनाव का कारण वही हैं।



मृगांक शेखर

# एक देश एक चुनाव
## जो चुनेंगे ज़रा उनकी भी सुनें



❐ देश भर में एक साथ सभी चुनाव कराने की बात है। 'एक देश एक चुनाव' के नारे के साथ एक विधेयक लोक सभा में पेश भी हो चुका है, जिसे अब संसदीय समिति के पास विचार करने को भेज दिया गया है। वैसे तो 1999 में विधि आयोग, 2015 में संसदीय समिति, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति की 18,626 पेज की रिपोर्ट इस आइडिया को सपोर्ट करती हैं।एक चुनाव का रास्ता अभी तो शुरू भर हुआ है, अभी सफ़र काफी लंबा है। इसके बीच तमाम बातें और अड़चनें भी आना स्वाभाविक है क्योंकि इस मसले पर राजनीतिक दलों में सिद्धांततः सहमति नहीं है। गैर भाजपा या गैर एनडीए विपक्ष को यह अवधारणा ही पसंद नहीं, जबकि भाजपा को इसमें खूबियाँ ही खूबियाँ नजर आ रहीं हैं। 'एक देश एक चुनाव' यूं तो देखने सुनने में अच्छा लगता है। एक ही बार में सब काम पूरा। एक ही वोटर लिस्ट, एक ही आचार संहिता, एक ही दिन वोटिंग और एक ही गिनती। सब झंझट एक बार में खत्म। बात सही भी है। भारत जैसे गैर-अमीर देश में बार बार के चुनाव से बेशुमार खर्चा तो होता ही है। सच्चाई है कि हमारा देश चुनाव कराने में दुनिया में टॉप पर है। चुनावों में हमसे ज्यादा पैसा अमेरिका जैसा अमीर मुल्क भी खर्च नहीं करता। चुनाव आयोग और सरकार जो खर्च करती है उससे अलग राजनीतिक दल और नेता भी बेहिसाब खर्च करते हैं। एक साथ चुनाव कराने से और कुछ नहीं तो समय और पैसा तो बचेगा ही। जान लीजिये कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के करीब 60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। 2009 के लोकसभा चुनावों में सरकारी खजाने पर लगभग 1,115 करोड़ रुपये और 2014 के चुनावों में लगभग 3,870 करोड़ रुपये का खर्च आया था। हालाँकि, पार्टियों और उम्मीदवारों के खर्च सहित, चुनावों पर खर्च किया गया वास्तविक धन कई कई गुना ज्यादा होगा। एक साथ चुनाव कराने के लिए 35 लाख ईवीएम और वीवीपीएटी चाहिए। अभी जितनी हैं, उसमें पंद्रह लाख जोड़ने होंगे। एक ईवीएम व एक वीवीपीएटी के लिए सत्रह सत्रह हज़ार रुपये चाहिए। समझा जाता है कि चुनाव आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने की लागत 4,500 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा वोटर लिस्ट का दोहराव, सरकारी मशीनरी की बार बार की चुनावी व्यस्तता और बार बार की आचार संहिता भी काबिले-गौर फैक्टर हैं।

सब अच्छाईयों के बीच एक बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि एक देश-एक चुनाव की भारी भरकम व्यापकता को चुनाव आयोग संभाल भी पायेगा? अभी तक के रिकॉर्ड से ऐसा कतई नहीं लगता। यूपी जैसे राज्य में सात-सात चरण में चुनाव कराये जाते हैं। ज़रा हमारा आयोग एक ही चरण में चुनाव कराने की परीक्षा पास कर के दिखाए। अभी बीते महीनों में सात राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। एक बार चार और एक बार तीन के। क्यों नहीं आयोग ने एक ही बार में सातों राज्यों के चुनाव करा कर एक प्रैक्टिस कर डाली? कुछ नहीं तो वोटर लिस्ट तो एक बन सकती है, वही काम अब तक 78 बरसों में क्यों नहीं किया गया?

यही नहीं, अभी तो चुनाव के लिए पुलिस, केंद्रीय बल, टीचर, सरकारी कर्मचारी एक जगह से दूसरी जगह जा-जा कर चुनाव कराते हैं। वजह है कि आदमियों और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है।लेकिन जब पूरे देश में एक साथ सब कुछ होगा तो कर्मचारियों की फ़ौज और इंफ्रास्ट्रक्चर कहाँ से आयेगा? क्या उसकी कोई योजना है? और जो खर्चा इन मानव संसाधन और इंफ्रास्ट्रक्चर पर आयेगा क्या वह बार बार के चुनाव के खर्च से कम होगा?

एक देश एक चुनाव के पक्ष विपक्ष में काफी डिबेट हो सकती है और होना भी चाहिये। भारत में पहले इकट्ठे लोकसभा विधानसभाओं के चुनाव होते थे लेकिन राज्यों की सरकारें गिरने की वजहों से सिस्टम गड़बड़ा गया। भारत में एक साथ मतदान का इतिहास 1951-52 में हुए पहले आम चुनावों से मिलता है। उस समय, लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव हुए थे। यह प्रथा 1957, 1962 और 1967 में हुए तीन आम चुनावों में जारी रही। हालाँकि, एक साथ चुनावों का चक्र 1968 और 1969 में डिस्टर्ब हो गया, जब कुछ राज्य विधानसभाएँ समय से पहले भंग कर दी गईं थीं। 1970 में लोकसभा को भी समय से पहले ही भंग कर दिया गया था और 1971 में नए चुनाव हुए थे। तब से एक साथ चुनावों की प्रथा को पुनर्जीवित नहीं किया गया। एक साथ चुनाव कराने की सिर्फ प्रथा ही थी, इसका कोई कानूनी प्रावधान नहीं था, न इस प्रथा को तोड़ने के लिए कोई कानून बना। तो आगे क्या गारंटी है कि सभी राज्यों की सरकारें और लोकसभा हर बार अपना टर्म पूरा करेगी? अगर किसी भी वजह से किसी राज्य की सरकार गिर गयी तो क्या होगा? फिर तो घूम फिर कर हम वही पहुच जायेंगे।

## व्यंग्य

यशवन्त कोठारी

# खंड-खंड विकास का पाखंड पर्व



❍ सम्पूर्ण जम्बूद्वीप में खंड-खंड विकास का पाखण्ड पर्व चल रहा है। विकास एक सतत प्रक्रिया है। भारत विकास प्रधान देश है। विकास करा लो। वरना बाद में पछताओगे कि हम विकास से वंचित रह गये। सरकार कोई सी भी हो वो विकास करना चाहती है, आप चाहे या न चाहे विकास होगा, क्योंकि आपके विकास से ही सरकारी अमलें, नेता सरपंच जिला प्रमुखों का विकास होता है। विकास के नाम पर नदियों को जोड़ने की योजनाएं बनी और खटाई में पड़ गयी। विकास के नाम पर ही प्रधानमंत्री स्वर्ण चतुर्भुज योजना बनी, वो सरकार ही चली गयी। विकास के नाम पर योजना आयोग बना, योजनाएं नहीं चली आयोग स्थायी हो गया। बल्कि योजना आयोग का बजट प्लान से नानप्लान में आ गया। विकास के चक्कर में चार कदम सूरज की और चले और भस्म हो गये। भारत उदय के नाम पर विकास करने के प्रयास हुए सरकार अस्त हो गयी। आखिर यह विकास नामक बीमारी है क्या मैंने एक जानकार से पूछा-वो कुछ देर चुप रहा फिर बोला जिस कार्यक्रम से कार्यक्रम चलाने वालों का भला होता है उसे ही विकास कहते है।

अर्थात विकास जिसका होना चाहिये उसका कभी नहीं होता हैं, विकास हमेशा, विकसित का ही होता है। विकसित देशों का विकास बदस्तूर जारी है और विकासशील देशों का शोषण हो रहा है। भारत को विकासशील देश मानने वालों विकास कहां है। पहले समाजवाद के मार्फत विकास होता था, आजकल पूंजिवाद, खुली अर्थ व्यवस्था तथा वैश्वीकरण के नाम पर विकास हो रहा है। लेकिन वही ढाक के तीन पात। विकास कभी कभी एक महामारी के रूप में होने लगता है। चुनाव से चन्द महीने पहले विकास की गंगोत्री बहने लगती है और हर कोई इस बहती गंगा में हाथ धोने को आतुर रहता है।

कभी कभी विकास की बाढ़ आ जाती है। विकास की स्थिति ऐसी हो जाती है कि एक ही गली में कई कई नल लग जाते है। एक ही सड़क पर कई लाईटे लग जाती है। एक ही शहर में बार बार सड़कें बन जाती है और पड़ोसी शहर में विकास का सूखा पड़ जाता हैं। कारण ये कि पड़ोसी शहर से विपक्षी जीत गया था तो उसे सबक सिखाने के लिए विकास की नदी पर इसी शहर में बांध बना दिया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में विकास आतंकवाद की तरह बढ़ रहा है, हर गली, मोहल्ले, में विश्वविद्यालय खुल गये है, इन निजि विश्वविद्यालयों में पत्नी कुलपति पति रजिस्ट्रार और बेटी परीक्षा नियन्त्रक ऐसा पारिवारिक विकास भाई वाह।

विकास के नाम पर निजि इन्जीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल डेन्टल कालेज, फॉर्मेसी कॉलेज और फीस मत पूछिये मान्यता नहीं है तो क्या हुआ आखिर विकास की कुछ तो कीमत देनी पड़ती है न। विकास ही विकास। विकास दो। विकास लो। सही संस्थाओं का अता पता ढूंढ़ते ढूंढ़ते छात्र अभिभावक पगला जाते हैं। विकास की चकाचौंध में आंखें चौंधियां जाती है। विकास के लिए शानदार इमारत है, चमचमाती प्रयोगशालाएं है,इठलाती रिसेप्शनिस्ट है, बस डिग्री की मान्यता नहीं है लेकिन ये तो विकास की एक छोटी से कीमत है।

## कहानी

विनिता राहुरीकर

# कत्ल

❍ बहुत दिन हो गये थे मनु से मिले हुए। कई दिनों से सोच रही थी उससे मिलने जाने का लेकिन सोचते रहने भर से तो जाना हो नहीं पाता। रोज ही कुछ न कुछ अडंगा आ जाता था। कभी बच्चों का स्कूल से आने का समय होता फिर उनकी फरमाईश शुरू हो जाती ये खाना है वो खाना है। दिन कब फुर्र हो जाता है पता ही नहीं चलता और फिर अगले दिन पर टल जाता था जाना। और आने वाला दिन फिर नयी व्यस्तताएँ लेकर आ जाता। लेकिन आज तो ठान ही लिया था कि कुछ भी हो जाये मनु से मिलना ही है। सगी छोटी बहन है मेरी, आठ बरस छोटी, पैदा हुई थी तो मैं खुशी से बौरा गयी थी, इतनी गोरी गुलाबी रूई के फाहे सी नर्म नाजुक गुड़िया, मुझे तो जैसे प्यारा सा खिलौना मिल गया था। आज भी मनु को देखते ही वही स्नेह वही दुलार छाती में उमंग पड़ता है।आज बच्चों को स्कूल भेज कर मैंने ड्रायवर को वापस बुलवा लिया था। मनु की मनपसंद कुछ चीजें मैंने एक दिन पहले ही बना ली थीं, फटाफट डब्बों में भरी। एक ही शहर में रहने के बाद भी आजकल की जीवनशैली के कारण दो बहनों का महीनों तक एक दूसरे से मिलना और आना-जाना नहीं हो पाता है।ग्यारह बजे मैं घर से निकली। मनु को पहले ही फोन कर दिया था। साढ़े ग्यारह बजे गाड़ी मनु की शानदार कोठी के आगे जाकर रूकी। कार से झांककर एक नजर मैंने उस कोठी को देखा और मनु के भाग्य की सराहना की। यह कोठी मनु के ससुरजी ने बनवाई थी और मनु के पति मानव ने इसका आधुनिकीकरण करवाया था। शहर की दर्शनीय कोठियों में से एक थी यह। मनु के सुंदर भाग्य पर एक सुखी संतुष्ट मुस्कुराहट छा गयी मेरे चेहरे और मन पर।

ड्रायवर ने कार पोर्च में खड़ी कर दी। लपक कर मनु के दरबान ने दरवाजा खोला, दूसरे नौकर ने तुरंत हाथ से सामान लिया और मुझे ड्राइंगरूम तक पहुँचाकर सामान किचन में रख आया। तभी कमरे से मनु बाहर आयी। कितने दिन बाद देखा था उसे मैंने। उठकर स्नेह से गले लगा लिया मैंने। खुशी से दिल भर आया था, पर मनु की धड़कनें एकदम ठण्डी थीं, अपरिचित, औपचारिक।मैं चौंक गयी, घर भर से भले वो उदासीन हो चली थी इन दिनों लेकिन मुझसे..मुझसे वह हमेशा आत्मीय और अपनत्व भरी रही है। लेकिन आज हृदय को ऐसा क्यों लगा कि जिसे हृदय से लगाया था अभी वो मेरी हमेशा कि मनु नहीं है। मनु के चेहरे पर खिंची रेखाएँ भी आज नितांत अपरिचित सी लग रही थीं।''बैठो दीदी! कैसी हो ? बच्चे कैसे हैं ?'' मनु ने जैसे एक जबरन ओढ़ी गयी मुस्कुराहट के साथ पूछा और तुरंत ही जैसे उसके बोझ से घबराकर उसे उतार भी फैंका।मैं ठीक हूँ मनु तू कैसी है ?'' मैंने उसकी आँखों में गहरे देखते हुए पूछा।मेरे सवाल पर उसने बड़ी अजीब नजरों से मुझे देखा मानों मैंने कोई अनाधिकृत प्रश्न पूछ लिया हो और फिर उसने मुंह पर एक विवश व्यंग्य की ऐसी मुस्कुराहट उभरी कि मैंने घबराकर दूसरी और मुंह फेर लिया ''बिट्टू कहाँ है ? सो रही है क्या ?'' मैंने ड्राइंगरूम की दीवारों पर लगी महंगी युरोपियन पेंटिंग्स को देखते हुए पूछा।

''हाँ। मैं चाय बनवाती हूँ तुम्हारे लिये।'' उठकर मनु रसोई की तरफ चली गयी। मैं उसे जाते देखती रही। मनु जैसे अपनेआप को जबरदस्ती धकेलकर ले जा रही थी। मन अचानक बोझिल सा हो गया। देर तक मैं उसी ओर देखती रही जहाँ से होकर मनु रसोईघर में गयी थी। कुछ ही देर में मनु वापस आकर बैठ गयी। हर बार उसके लिये जो भी लाती थी मनु बड़े चाव से खुश होकर खाती थी। मगर इस बार ना उसने पूछा ना अंदर रखे डिब्बों पर ध्यान नहीं दिया। एक अजीब पीड़ादायक मौन पसरा था हमारे बीच। यह मौन अगर दो अजनबियों के बीच हो तो सहज लगता है लेकिन अगर दो आत्मीयजनों के बीच पसर जाये तो असह्य हो जाता है। नौकर शिष्टतापूर्वक चाय की ट्रे में चाय ले आया। चाय पीते हुए मैं ही खोद-खोद कर ईधर-उधर की बातें निकालती रही। मनु हाँ-हूँ में छोटा-मोटा जवाब दे देती। तभी अंदर से बिट्टू के रोने की आवाज आयी। मनु कमरे में चली गयी। मेरा मन एकदम से उदासी भरे पराएपन के बोध से घिरने लगा था। मैं यूँ ही ईधर-उधर नजरें घुमाने लगी। तभी साईड टेबल पर रखे एक सुरूचीपूर्ण निमंत्रण पर पर नजर पड़ी। मैं कौतुहलवश उसे उठाकर देखने लगी। फ्रांस के एक शहर की आर्ट गैलरी में किसी आर्टिस्ट की चित्रों की प्रदर्शनी का निमंत्रण था। आर्टिस्ट का नाम पढ़कर मैं चौंक गयी। मनु के अनमनेपन, उदासी का कारण स्पष्ट हो गया।




दमिश्क़, सीरिया (अरबी उच्चारण: दमिश्क़) सीरिया की राजधानी और वहाँ का सबसे बड़ा नगर है। देश के दक्षिण-पश्चिमी कोने में लेबनॉन की सीमा के निकट बसा यह ऐतिहासिक नगर है। वर्तमान समय में इसकी जनसंख्या 45 लाख के लगभग है। दमिश्क विश्व के प्राचीनतम नगरों में गिना जाता है जहाँ आज भी लोग रह रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि दमिश्क में 8000 से 10000 ईसा पूर्व में लोगो ने रहना प्रारंभ कर दिया था। दमिश्क लेवेंट और अरब दुनिया का एक प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र है। 2022 तक शहर की अनुमानित जनसंख्या पच्चीस लाख तीन हजार थी।

दक्षिण-पश्चिमी सीरिया में स्थित, दमिश्क 1,711,000 के साथ के बड़े महानगरीय क्षेत्र का केंद्र भी है। अंतर्देशीय समुद्र तल से 680 मीटर (2,230 फीट) के पठार पर भूमध्यसागरीय तट का किनारा, दमिश्क छाया प्रभाव के कारण अर्ध शुष्क जलवायु का अनुभव करता है। बरदा नदी दमिश्क से होकर बहती है। दमिश्क दूसरी सहस्राब्दी में बसाया गया था दमिश्क उमायाद खिलाफ़त की राजधानी 661 ईस्वी से 750 ईस्वी तक रहा था। अब्बासी खिलाफत की जीत के बाद, इस्लामी शक्ति की 7राजधानी बगदाद चली गई। दमिश्क ने अब्बासीद युग में राजनीतिक गिरावट देखी , केवल अय्यूबिद और मामलुक काल में महत्वपूर्ण महत्व हासिल करने के लिए। आज, यह केंद्र सरकार और सभी सरकारी मंत्रालयों की सीट है। इस्लाम के शुरुआती काल में ही, सन् 661 ईस्वी के बाद यह सुन्नी उमय्यद ख़लीफ़ाओं की राजधानी बन गया जो सन् 750 ईस्वी तक चला। इसके बाद इसकी महत्ता में कमी आई, लेकिन बारहवी सदी में तुर्क मूल के बुवाई शासकों की राजधानी रहने के बाद इसमें थोड़ी वृद्धि हुई। यह शहर पुराने काल से ही दीवारों से घिरा है। सन् 1400 में तैमूर लंग का आक्रमण हुआ, इससे दो साल पहले यही तैमूर लंग दिल्ली पर भी आक्रमण कर चुका था। यहाँ से कई लोगों-औरतों को समरक़ंद ग़ुलाम बना कर ले जाया गया। सन् 1516 के बाद से बीसवी सदी तक यह इस्तांबुल के ओतमानी उस्मानी शासकों के अधीन रहा।

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❐ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D
डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC
डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,
डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D
डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# अनिकेत, समीक्षा आमटे दंपत्ति को प्रेस क्लब का जिला सम्मान पुरस्कार की घोषणा

**गढ़चिरोली.**



कर्मयोगी श्रद्धेय बाबा आमटे की समाज सेवा की विरासत को आगे बढ़ाने वाले तीसरी पीढ़ी के दंपत्ति अनिकेत और समीक्षा आमटे को प्रेस क्लब का गढ़चिरौली जिला सम्मान पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

गढ़चिरौली प्रेस क्लब की वार्षिक आम बैठक प्रेस क्लब के अध्यक्ष अविनाश भांडेकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में लोक भाईचारे के माध्यम से समाज सेवा करने और वन्यजीव अनाथालय चलाने वाले आमटे परिवार के दंपति अनिकेत और समीक्षा आमटे को गढ़चिरौली जिला गौरव सम्मान देने का निर्णय लिया गया। यह पुरस्कार सोमवार 6 जनवरी 2025 को दोपहर 2 बजे जिला सेंट्रल बैंक के सभागार में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में वितरित किया जाएगा।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष अविनाश भांडेकर, उपाध्यक्ष रोहिदास राऊत, सचिव रूपराज वाकोड़े, संयुक्त सचिव सुरेश नगराले, कोषाध्यक्ष शेमदेव चापले, कार्यकारी सदस्य सुरेश पद्मशाली, नंदकिशोर कथावते, मिलिंद उमरे, नीलेश पाटले, विलास दशमुखे, मनोज ताजने सहयोगी सदस्य नंदकिशोर पोटे, आशीष अग्रवाल, इरफ़ान शेख, रोमित तोंबरलावर, मनीष कासरलावर, संदीप कांबले आदि ने बधाई दी है.

**एक संक्षिप्त परिचय...**

बाबा आमटे द्वारा बनवाया गया आनंदवन, हेमलकासा का निर्माण डॉ.प्रकाश आमटे ने किया और अब अनिकेत आमटे ने इसके बाद नेलगुंडा का निर्माण किया। यह आमटे परिवार की तीसरी पीढ़ी है।

**अनिकेत आमटे :-**

2002 से निदेशक - लोक बिरादरी परियोजना

निदेशक - लोक बिरादरी प्राथमिक, माध्यमिक और जूनियर कॉलेज आश्रमशाला, हेमलकसा, बांस हस्तशिल्प केंद्र और लोक बिरादरी डेयरी

**ट्रस्टी - महारोगी सेवा समिति, वरोरा 2008 से**

जो एक महान सामाजिक कार्यकर्ता हैं. डॉक्टर प्रकाश और डॉ. मंदाकिनी आमटे के बेटे अनिकेत आमटे अपने दादा, दादी के साथ-साथ अपनी माता और पिता की समाज सेवा की विरासत को संजोकर माड़िया, गोंड जनजाति के सर्वांगीण कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने अपनी पत्नी समीक्षा आमटे के साथ मिलकर सुदूर नेलगुंडा में एक स्कूल खोला और जिले के घने जंगल में ज्ञान गंगा प्रवाहित की। साथ ही कई गांवों में तालाब बनाकर उनमें मछली व्यवसाय को बढ़ावा दे रहे हैं, जल भंडार बढ़ा रहे हैं और कई हाथों को रोजगार दे रहे हैं। वह एक बेहतरीन फोटोग्राफर भी हैं.

**समीक्षा गोडसे :-**

निदेशक - लोक भाईचारा परियोजना...

अनिकेत आमटे की पत्नी समीक्षा आमटे ने भी अपने ससुर के समाज सेवा व्रत को ईमानदारी से निभाया है। एक मास्टर ट्रेनर के रूप में, उन्होंने कई सामाजिक कल्याण गतिविधियों को लागू किया है जैसे कि सरकारी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण, प्रेरक कार्यक्रम, मल्टी मीडिया सेंटर का विकास, एंड्रॉइड आधारित शैक्षिक ऐप का कार्यान्वयन, बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम विकसित करना (संक्रमण को आसान बनाने के लिए) मातृभाषा से राज्य भाषा-माड़िया से मराठी)। वह सुदूर इलाके में स्थित नेलगुंडा में साधना विद्यालय की निदेशक भी हैं।






# 'बेबी जॉन' को मिला यूए सर्टिफिकेट




सिनेमा लवर्स के लिए दिसंबर का महीना शानदार रहा है. पहले तो 'पुष्पा 2' सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है और अब 'जवान' फिल्म के निर्देशक एटली एक और बेहतरीन फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'बेबी जॉन'. वरुण धवन इस फिल्म में एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं. अब 'पुष्पा 2' के बाद लोगों की निगाहें 'बेबी जॉन' पर टिकी हुई हैं. इसी बीच खबर आ रही है कि इस फिल्म को 16 साल से कम उम्र के लोग नहीं देख पाएंगे, साथ ही साथ 'बेबी जॉन' के रन टाइम का भी खुलासा हो गया है.

एटली, वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी जोर-शोर से 'बेबी जॉन' के प्रमोशन में जुटे हुए हैं. अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी डिटेल सामने आ गई है. पता चल गया है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को सर्टिफिकेट दे दिया है और ये आसानी से अपनी तय तारीख पर रिलीज की जा सकती है. वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' को 16 दिसंबर 2024 को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट दे दिया है. यू/ए सर्टिफिकेट के पीछे की वजह ये है कि फिल्म में काफी लड़ाई, खून खराबा देखने को मिलने वाला है. इसके अलावा 'बेबी जॉन' के रन टाइम का भी खुलासा हो गया है.

फिल्म की ड्यूरेशन 2 घंटे 41 मिनट और 35 सेकंड की है. यानि तीन घंटे होने में करीब 19 मिनट कम लंबी फिल्म है.

वरुण धवन की 'बेबी जॉन' एक सोशल मैसेज के साथ रिलीज हो रही है. फिल्म के ट्रेलर से अनुमान लगाएं तो इसकी कहानी देशभर में दिन-ब-दिन बढ़ रहे रेप केस पर आधारित है. ये फिल्म सभी को एक मैसेज देती है. फिल्म को लेकर निर्माताओं का वादा है कि 'बेबी जॉन' दर्शकों को बड़े लेवल पर एंटरटेन करेगी और उम्मीद जताई जा रही है कि एटली कुमार और कैलीस की जोड़ी एक बार फिर से जवान की सफलता को दोहरा सकती है. 'बेबी जॉन'

आपके क्रिसमस को मजेदार बनाने के लिए 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी. इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा वामिका गब्बी, कीर्ति सुरेश, राजपाल यादव और जैकी श्रॉफ अहम भूमिका में दिखेंगे. वहीं फिल्म में

## गोविंदा के बेटे हर्षवर्धन की डेब्यू फिल्म हुई कंफर्म

बॉलीवुड के डांसिग स्टार गोविंदा ने नंबर वन सीरीज, 'आंखें', 'साजन चले ससुराल', 'एक और एक ग्यारह', 'भागमभाग' और 'पार्टनर' जैसी फिल्मों से हमारा मनोरंजन किया। उन्हें बॉलीवुड का हीरो नंबर वन भी कहा जाता है। अब बारी उनके बेटे की है। जी हां, उनके बेटे की डेब्यू मूवी कंफर्म हो गई है। खबर है कि, उनके बेटे यशवर्धन आहूजा निर्देशक साई राजेश की फिल्म से अपना एक्टिंग डेब्यू कर सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि यशवर्धन आहुजा अपनी एक्टिंग की शुरुआत राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त निर्देशक साई राजेश की आने वाली फिल्म से करने जा रहे हैं। यह फिल्म एक खास लव स्टोरी होगी, जो गोविंदा की विरासत की दूसरी पीढ़ी को बड़े पर्दे पर दिखाएगी।यशवर्धन ने इस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था और अपनी

मेहनत के कारण उन्हें यह भूमिका मिली है। इस फिल्म को मधु मंटेना, अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए फीमेल लीड की तलाश जारी है, क्योंकि मेकर्स एक नई जोड़ी लॉन्च करना चाहते हैं।कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा इस नेशनवाइड हंट की अगुवाई कर रहे हैं और उन्हें अब तक 14 हजार से ज्यादा ऑडिशन क्लिप्स मिल चुके हैं। फिल्म के लिए फीमेल लीड जल्द ही फाइनल हो जाएगी।

# हजारों फैंस की भीड़ में फंस गए थे विवेक ओबेरॉय



विवेक ओबेरॉय इन दिनों फिल्मों से दूरी बनाए हुए आ रहे हैं. कहा जा रहा है कि वो फिलहाल अपने बिजनेस पर ध्यान दे रहे हैं. विवेक ओबेरॉय ने साल 2002 में रानी मुखर्जी के साथ फिल्म 'साथिया' में काम किया था. दोनों ने अपनी जबरदस्त केमिस्ट्री से फैंस का दिल जीत लिया था. अब फिल्म की रिलीज के 22 साल बाद विवेक ओबेरॉय ने खुलासा किया है कि जब वो 'साथिया' की शूटिंग कर रहे थे तो उनको करीब 2000 लोगों की भीड़ ने घेर लिया था और उन्होंने बताया कि वो कैसे वहां से बचकर भागे.

एक चैट के दौरान विवेक ओबेरॉय ने 'साथिया' की शूटिंग के दौरान सेट पर हुए एक वाक्य को याद किया, जब फैंस की भीड़ ने उनको घेर लिया था.उस वक्त को याद करते हुए विवेक ओबेरॉय ने बताया,"जब 12 अप्रैल 2002 को मेरी पहली फिल्म कंपनी रिलीज हुई थी और उसी रविवार को हम 'साथिया' फिल्म के एक यादगार सीन की शूटिंग कर रहे थे, जिस सीन में मुझे रानी मुखर्जी का पीछा करना होता है. उस समय तक रानी मुखर्जी एक स्टार बन गई थीं और उनके पास गाड्र्स हुआ करते थे."

विवेक ओबेरॉय ने आगे कहा,"चूंकि उस दिन गेयटी गैलेक्सी रेलवे चैनल के पास वो एक नॉर्मल दिन की तरह लग रहा था तो उन्होंने शूटिंग शुरू कर दी. लेकिन लगभग 11 बजे के करीब लोगों ने चंदू भाई (कंपनी में विवेक ओबेरॉय के किरदार का नाम) करके चिल्लाना शुरू कर दिया. मैं तो बहुत मगन हो गया, लेकिन फिर जब 4-5 लोगों को देखते-देखते वहां 2000 लोगों की भीड़ जमा हो गई. सारी सिक्योरिटी धरी की धरी रह गई. मैं घबरा रहा था, क्योंकि इसके चक्कर में एक दिन बर्बाद हो रहा था. शाद मुझे वहां से बाहर निकालना चाहते थे तो उन्होंने मुझे रानी के मेकअप वैन में धकेल दिया. मैं खिड़की से बाहर देख रहा था और वो फैंस मेरे डायलॉग्स चिल्ला रहे थे."

## हिना खान ने लेटेस्ट पोस्ट से फैंस को चौंकाया

ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रहीं फेमस एक्ट्रेस हिना खान ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से फैंस को चौंका दिया है। दरअसल, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक नहीं दो-दो स्टोरी शेयर की हैं।इन दोनों में ही हिना खान ने शादी के बारे में लिखा है। इसके बाद से यूजर्स ये कयास लगाने लगे हैं कि क्या हिना खान ने शादी कर ली है।

'ये रिश्ता क्या कहलाता' है फेम एक्ट्रेस हिना खान लगातार अपने फैंस को अपनी कैंसर जर्नी के बारे में बताती रहती हैं सोशल मीडिया पर। उन्होंने अपनी लेटेस्ट स्टोरी फैंस के बीच खलबली मचा दी है। इसमें वो शादी के बारे में बातें कर रही हैं।पहली स्टोरी में हिना ने लिखा 'देर से शादी करने के कारण कोई नहीं मरा बल्कि गलत तरीके से शादी करने के कारण कुछ लोग मरे'। वहीं दूसरी इंस्टा स्टोरी में एक्ट्रेस लिखती हैं- 'डॉट डिस्टैब मैं शादीशुदा हूं। मैं बहुत डिस्टैब के लिए पूरी तरह तैयार हूं' ये एक ऑटो पर लिखी बात है।

इसे शेयर करते हुए उन्होंने हंसने वाली इमोजी भी पोस्ट की है। अब इन दोनों पोस्ट ने उनके फैंस को कंफ्यूज कर दिया है। उन्हें लग रहा है या तो वो शादी कर चुकी हैं या फिर शादी करने वाली हैं। वैसे वो कुछ दिनों पहले डेट पर भी गई थीं। मगर अकेले। इस डिनर डेट पर वो अकेले गईं और अपना फेवरेट फूड भी इंजॉय किया। वैसे हिना खान के फैंस को बता दें कि वो अब जल्दी से रिकवर कर रही हैं। यानी वो स्वस्थ होने की राह पर हैं।

# अबराम के फंक्शन में इमोशनल दिखे शाहरुख



धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के एनुअल फंक्शन की चर्चा हर तरफ की जा रही है. 19 दिसंबर को ये फंक्शन ऑर्गेनाइज किया गया, जिसमें कई बॉलीवुड सितारे शामिल हुए. इस फंक्शन में शाहरुख खान, गौरी खान, अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, करीना कपूर जैसे स्टार्स अपने बच्चों को सपोर्ट करने आए थे. जहां एक तरफ एनुअल फंक्शन में स्टार्स के बच्चों को परफॉर्म करते देखा गया, वहीं दूसरी ओर उनके माता-पिता को उनके लिए चीयर करते स्पॉट किया गया.

एनुअल फंक्शन के कई सारे वीडियो और फोटो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं. इनमें अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या की बेटी आराध्या और शाहरुख खान के छोटे बेटे अबराम को परफॉर्म करते देखा गया. प्ले में आराध्या ने मिसेज क्रिंगल का रोल निभाया और अबराम स्नोमैन के किरदार में थे, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया. शाहरुख खान को भी अबराम की परफॉर्मेंस कैप्चर करते देखा गया, इस दौरान फंक्शन के एक अलग परफॉर्मेंस में शाहरुख खान के फिल्म 'स्वदेश' का गाना भी चलाया गया.

वायरल हो रहे एक वीडियो में शाहरुख को उनकी खुद की फिल्म 'स्वदेश' फिल्म के गाना 'ये जो देश है तेरा' के दौरान उसके बोल गुनगुनाते देखा गया, जिससे उनकी पुरानी यादें ताजा हो गई, इस दौरान उन्हें इमोशनल होते भी देखा गया. शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी अपनी भाई के परफॉर्मेंस के लिए पहुंची थीं. अबराम ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'मुफासा: द लायन किंग' में अपने पिता और भाई के साथ आवाज दी है.

वहीं आराध्या की परफॉर्मेंस की वीडियो पर अमिताभ बच्चन ने अपना रिएक्शन दिया है. उन्होंने उनकी वीडियो पर लिखा कि बच्चे, उनकी मासूमियत और माता-पिता की रहने पर अपना सबसे बेस्ट परफॉर्मेंस देने की इच्छा, बहुत खुशी की बात है. जब वे आपके लिए परफॉर्म करते हुए हजारों लोगों के साथ होते हैं तो यह सबसे रोमांचक एक्सपीरियंस होता है. आज का दिन भी ऐसा ही था. परफॉर्मेंस के दौरान अभिषेक और ऐश्वर्या को भी मोमेंट कैप्चर करते देखा गया. वहीं इस फंक्शन में अपने बेटे तैमूर का उत्साह बढ़ाने के लिए सैफ अली खान, करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर भी मौजूद थे. तैमूर ने फंक्शन ने डांस परफॉर्मेंस दी, उस दौरान करीना कपूर को अपने बच्चे के लिए चीयर करते देखा गया. वहीं, करीना कपूर के ठीक पीछे वाली लाइन में मीरा राजपूत और शाहिद बैठे हुए थे. वो अपनी बेटी मीसा कपूर के साथ फंक्शन में शामिल हुए थे.

# अरबाज़ पहुंचे मलाइका अरोरा के नए रेस्टोरेंट




मुंबई में खान परिवार का गेट टुगेदर हुआ। मौका था मलाइका के नए रेस्टोरेंट के उद्घाटन का। एक्टर अरबाज खान अपने माता-पिता सलीम खान, सलमान खान और हेलेन के साथ अपने बेटे अरहान खान और पूर्व पत्नी मलाइका अरोड़ा के नए रेस्टोरेंट में लंच के लिए पहुंचे। इस खास फैमिली मीटिंग की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। लेकिन, जो बात सबका ध्यान खींच रही थी, वह यह थी कि अरबाज की पत्नी शूरा इस मौके पर नदारद थीं। एक वीडियो में अरहान अपनी दादी सलमा और हेलेन के साथ खास पल साझा करते हुए दिखे। वह रेस्टोरेंट की सीढ़ियां चढ़ने में उनकी मदद कर रहे थे। अरबाज और मलाइका के बीच सालों की दूरी के बावजूद, इस वीडियो ने दिखाया कि खान परिवार के रिश्ते अब भी कितने मजबूत हैं।अरबाज खान इस मौके पर नीले और सफेद धारियों वाली शर्ट, पैंट और सफेद जूते पहने नजर आए। उन्होंने रेस्टोरेंट के बाहर खड़े पपराज़ी के लिए पोज़ भी दिया। वहीं, अरहान को अपने चचेरे भाई निर्वाण खान (सोहेल खान के बेटे)

के साथ तस्वीरों में देखा गया। दूसरी ओर, मलाइका अपने परिवार का स्वागत करने के लिए काले ड्रेस में रेस्टोरेंट में एंट्री करती दिखीं।अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा ने 1998 में शादी की थी और 2002 में उनको बेटा हुआ। 18 साल साथ बिताने के बाद, दोनों ने 2016 में अलग होने का फैसला किया और 2017 में उनका तलाक हो गया। तलाक के बाद भी, दोनों ने सह-अभिभावक के रूप में अरहान की परवरिश जारी रखी है और अक्सर पारिवारिक डिनर पर

# रणबीर कपूर के 'राम' बनने से मुकेश खन्ना नाराज



महाभारत' में भीष्म पितामह का किरदार निभाने वाले और अपने विवादित बयानों के लिए सुर्खियों में रहने वाले अभिनेता मुकेश खन्ना एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने रणबीर कपूर को लेकर एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने नितेश तिवारी की आगामी फिल्म 'रामायण' में रणबीर को भगवान राम के रूप में कास्ट करने पर चिंता जाहिर की है। इससे पहले उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा और उनकी बेटी सोनाक्षी पर टिप्पणी की थी.मुकेश खन्ना ने दिए एक इंटरव्यू में कहा कि रणबीर कपूर को भगवान राम के रूप में देखना दर्शकों के लिए मुश्किल हो सकता है। उन्होंने 2023 में रिलीज हुई रणबीर की फिल्म 'एनिमल' का जिक्र करते हुए कहा कि इस फिल्म में रणबीर का किरदार राम के पवित्र चरित्र की छवि को प्रभावित कर सकता है। खन्ना ने कहा,"अरुण गोविल ने रामायण में जो भूमिका निभाई, उसने एक गोल्ड स्टैंडर्ड स्थापित किया। जो भी राम का किरदार निभाए, उसे राम जैसा ही दिखना चाहिए। उसकी रियल लाइफ भी राम की छवि से मेल खानी चाहिए। अगर वह छिछोरा और गुंडे जैसा होगा, तो वह स्क्रीन पर दिखेगा। भगवान राम का किरदार निभाने वाले को पार्टी और ड्रिंक से बचना चाहिए।"मुकेश खन्ना ने कहा कि 'एनिमल' में रणबीर कपूर के किरदार ने उनकी नेगेटिव इमेज बनाई है। उन्होंने कहा, "रणबीर अच्छे अभिनेता हैं, लेकिन उनके चेहरे को देखकर भगवान राम की छवि महसूस होनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि उनकी पिछली फिल्मों का प्रभाव इस भूमिका पर नहीं पड़ेगा।"खन्ना ने यह भी बताया कि प्रभास ने राम का किरदार निभाने की कोशिश की थी, लेकिन जनता ने उन्हें इस भूमिका में स्वीकार नहीं किया। इसका कारण यह नहीं था कि प्रभास बुरे अभिनेता हैं, बल्कि उनका व्यक्तित्व राम

# दिलजीत ने स्टेज पर सुनाई समुद्र मंथन की कहानी



पॉपुलर सिंगर दिलजीत दोसांझ आजकल खूब चर्चा में हैं. इसी साल अपने इंटरनेशनल टूर से धमाल मचाने वाले दिलजीत आजकल इंडिया टूर पर हैं और अलग-अलग शहरों में परफॉर्म कर रहे हैं. गुरुवार को उनका कॉन्सर्ट मुंबई में था. लेकिन कॉन्सर्ट से ठीक पहले महाराष्ट्र सरकार ने उनके नाम एक एडवाइजरी जारी करते हुए उन्हें ऐसे गानों से बचने को कहा जिनमें ड्रग्स, शराब या हिंसा का जिक्र आता है.

दिलजीत को इससे पहले हैदराबाद, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में भी कॉन्सर्ट से पहले ऐसी एडवाइजरी मिल चुकी है. मुंबई में कॉन्सर्ट से पहले इस एडवाइजरी पर बात करते दिलजीत ने समुद्र मंथन की कहानी सुनाते हुए फैन्स से कहा कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है और उन्हें उम्मीद से दोगुना मजा आएगा.सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिलजीत मुंबई कॉन्सर्ट से पहले, सरकार की एडवाइजरी को लेकर फैन्स से बात कर रहे हैं. दिलजीत ने कहा, आप इसकी चिंता मत कीजिए. एडवाइजरी मेरे लिए है. मैं ये कोशिश करूंगा कि आपको जितने मजे की उम्मीद थी, उससे दोगुना मजा मिले.'

इसके बाद एडवाइजरी पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा,आज सुबह जब मैं योगा कर रहा था, मेरे दिमाग में एक ख्याल आया. मुझे लगा कि आज का शो इससे शुरू होना चाहिए जब समुद्र मंथन हुआ, देवताओं ने अमृत ले लिया लेकिन विष शिव ने ग्रहण किया.हालांकि शिव ने भी विष पिया नहीं, उसे अपने कंठ में रख लिया. तो मैंने सीखा है कि जिंदगी और दुनिया आपको विष देती रहेगी, लेकिन आपको अपने अंदर नहीं रखना है. मैंने ये सीखा है. अपने काम पर असर नहीं पड़ने देना है. लोग आपको रोकेंगे, लेकिन आपको खुद को अंदर से फर्क नहीं पड़ने देना है. एन्जॉय कीजिए, मजे लीजिए.' फैन्स के साथ अपनी इस बात को एक पॉजिटिव नोट पर खत्म करते हुए दिलजीत ने 'पुष्पा 2'

# 17 साल की उम्र में पहली शादी,40 की उम्र में बनीं मां



फिल्म इंडस्ट्री की कई ऐसी एक्ट्रेस हैं जो अपनी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। उन्होंने 2003 में कंट्रोवर्शियल ड्रामा 'हवाएं' से मुकुल देव, बब्बू मान और अमिताभ मान के साथ फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। हम बात कर रहे हैं माही गिल की, जिनका जन्म 19 दिसंबर 1975 को पंजाबी जाट सिख परिवार में हुआ था। बॉलीवुड में कोई कनेक्शन न होने के बावजूद, उनके काम ने फिल्म इंडस्ट्री में एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने 28 साल की उम्र में फिल्म 'हवाएं' से बॉलीवुड डेब्यू किया। एक पंजाबी सीरीज में उनकी एक्टिंग देख कुछ मेकर्स ने उन्हें फिल्में और टीवी शोज ऑफर किए।

माही गिल की किस्मत तब चमकी जब फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने उन्हें एक पार्टी में देखा और उन्हें फिल्म देव डी में 'पारो' के किरदार के लिए चुना। माही गिल को अभय देओल के साथ कास्ट किया गया था और इस फिल्म से वह रातों रात स्टार बन गईं। इस शानदार सफलता के बाद उन्होंने कई मशहूर फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया, जिनमें तिग्मांशु धूलिया, विनय शुक्ला, विवेक अग्निहोत्री, राम गोपाल वर्मा और कई अन्य शामिल हैं। अपने बोल्ड किरदारों के लिए फेमस माही गिल ने 'गुलाल', 'साहेब', 'बीवी और गैंगस्टर', 'पान सिंह तोमर', 'बुलेट राजा', 'दुर्गामती', 'नॉट ए लव स्टोरी' और 'जोरा: द सेकंड चैप्टर' जैसी बेहतरीन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

माही गिल ने 17 साल की उम्र में शादी कर ली थी। हालांकि उन्होंने आज तक अपने पहले पति का नाम नहीं बताया है, लेकिन 2012 में एक इंटरव्यू में माही गिल ने खुलासा किया कि जब उनके बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था तो उन्होंने अपने पहले पति से अलग होने का फैसला किया।

# टीम इंडिया ने टी20 सीरीज पर कब्जा किया

## स्मृति-ऋचा और राधा के आगे हारी वेस्टइंडीज



नई दिल्ली. ऑस्ट्रेलिया के हाथों टी20 सीरीज में करारी हार झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जीत की राह पर वापसी की है. टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 60 रन के अंतर से बड़ी जीत दर्ज की और इसके साथ ही 3 मैच की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली. नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने अपनी विस्फोटक बैटिंग से पहले ही वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेल दिया था. इस मैच में कप्तानी कर रही स्मृति मंधाना और ऋचा घोष के धुआंधार अर्धशतक के दम पर टीम इंडिया ने 217 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाया और फिर वेस्टइंडीज को 157 रन पर रोककर मैच के साथ ही सीरीज जीत ली.

टीम इंडिया ने सीरीज का पहला मैच जीता था, जबकि दूसरे मैच में वेस्टइंडीज ने जोरदार वापसी करते हुए 9 विकेट से हरा दिया था. अब सीरीज पर कब्जे के लिए आखिरी मैच में जोरदार टक्कर की उम्मीद थी. हालांकि, मैच से पहले ही भारत को बड़ा झटका लगा क्योंकि कप्तान हरमनप्रीत कौर इस मुकाबले के लिए पूरी तरह से फिट नहीं थीं. ऐसे में उनकी जगह उप-कप्तान मंधाना ने कमान संभाली और खुद टीम के लिए जीत की बुनियाद तैयार की.

टीम इंडिया ने पहले बैटिंग की लेकिन उमा छेत्री का विकेट जल्दी गंवा दिया. इसके बावजूद कप्तान मंधाना (77) ने विस्फोटक बल्लेबाजी की. उन्होंने अटैकिंग क्रिकेट के अपने बयान को सच साबित करते हुए लगातार 7 गेंदों पर बाउंड्री जड़ दी. इस दौरान उन्होंने सिर्फ 28 गेंदों में अपना 30वां अर्धशतक भी पूरा किया. इस दौरान उन्होंने जेमिमा रॉड्रिग्ज (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 गेंदों में 98 रन की जोरदार साझेदारी की. स्मृति अपने पहले टी20 शतक तक नहीं पहुंच सकीं. उनके बाद ऋचा घोष (54) और राघवी बिष्ट (31 नाबाद) ने सिर्फ 32 गेंदों में 77 रन जोड़ दिए. इस दौरान ऋचा ने सिर्फ 18 गेंदों में सबसे तेज टी20 इंटरनेशनल फिफ्टी के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी भी की.

हालांकि शिनेल हेनरी ने सिर्फ 16 गेंदों में ताबड़तोड़ 43 रन कूटकर टीम इंडिया को थोड़ा डराया लेकिन रेणुका सिंह ने उन्हें आउट कर बड़ी राहत दिलाई. इसके बाद तो राधा (4/29) ने लोअर ऑर्डर को निपटा दिया और पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 157 रन तक ही पहुंच सकी. वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में पहला विकेट जल्दी ही गंवा दिया था लेकिन कप्तान हेली मैथ्यूज और दिग्गज बल्लेबाज डिएंड्रा डॉटिन ने एक दमदार साझेदारी कर टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा. दोनों के बीच तेजी से 37 रन की साझेदारी हुई लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने मैथ्यूज (22) को आउट कर ये साझेदारी तोड़ दी. इसके बाद युवा पेसर तितास साधु ने डॉटिन (25) को आउट कर वेस्टइंडीज की उम्मीदों को झटका दे दिया था.

# हरेंद्र सिंग की उपस्थिति में आज एसजेएएन पुरस्कार समारोह

नागपुर.



स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट असोसिएशन ऑफ नागपुर (एसजेएएन) द्वारा आयोजित वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह आज सुबह 10:30 बजे सिविल लाइन्स स्थित प्रेस क्लब में होगा। भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और महिला हॉकी टीम के कोच, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हरेंद्र सिंग इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता रायसोनी समूह के अध्यक्ष सुनील रायसोनी करेंगे। इस अवसर पर बैद्यनाथ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिद्धेश शर्मा, साउथ पब्लिक स्कूल के निदेशक देवेन दस्तुरे भी मौजूद रहेंगे।

इस वर्ष वरिष्ठ श्रेणी में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और विदर्भ रणजी टीम के कप्तान अक्षय वाडकर को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, महिला हॉकी खिलाड़ी हिमांशी गावंडे और अंतरराष्ट्रीय धावक नयन सरडे को कनिष्ठ श्रेणी में पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा, बैडमिंटन में उल्लेखनीय योगदान के लिए नागपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव मंगेश काशीकर को उत्कृष्ट आयोजक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इसके साथ ही, खेलों को प्रोत्साहन देने वाली अमरावती रोड बायपास (दाभा) स्थित सेंटर प्वाइंट स्कूल को "उत्कृष्ट स्कूल" और महाल स्थित सीपी और बेरार कॉलेज को "उत्कृष्ट कॉलेज" के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी दो टेस्ट के लिए बदली टीम

एडिलेड. ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बाकी बचे दो टेस्ट के लिए टीम में बदलाव किए हैं. पहला बदलाव टीम की ओपनिंग जोड़ी में हुआ है. वहीं दूसरा बदलाव गेंदबाजी में देखने को मिला है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले दो टेस्ट मेलबर्न और सिडनी में खेले जाने हैं. मेलबर्न में 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट होगा. जबकि सिडनी में न्यू ईयर टेस्ट मैच खेला जाएगा. दोनों देशों के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है. भारत ने पर्थ में खेला पहला टेस्ट मैच जीता था.

# पटना पाइरेट्स को यू मुंबा ने हराया



नई दिल्ली.

यू मुंबा ने अपने हरफनमौला खेल की बदौलत बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 122वें मैच में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 43-37 के अंतर से हराकर अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर प्लेआफ के दरवाजे पर मजबूती से कदम रख दिया है।

अंतिम समय में वापसी के दम पर इस मैच से एक अंक लेकर पटना ने हालांकि फिर से दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। मुंबा की जीत में अजीत चव्हाण (15) और कप्तान सुनील (5) हीरो बनकर उभरे। पटना के लिए देवांक ने देर से ही सही लेकिन 12 अंक बटोरे। पटना को 21 मैच में सातवीं हार मिली जबकि मुंबा को 20 मैच में 11वीं जीत मिली। मंजीत के कुछ बेहतरीन रेड्स की बदौलत यू मुंबा ने दूसरे मिनट में ही 4-1 की लीड क साथ पटना को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। अयान ने उसे इस स्थिति से निकाला और फिर अंकित ने अजीत को लपक स्कोर 3-4 कर दिया। इसके बाद रोहित ने रेड और डिफेंस में अंक लेकर मुंबा को 3 की लीड दिला दी।

सुपरसब सुधाकर ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर मुंबा के डिफेंस से गलती करा दी लेकिन अजीत ने सुपर रेड के साथ पटना का पुलिंदा बांध दिया। फिर मुंबा ने आलआउट लेकर 12-5 की लीड ले ली। आलइन के बाद पटना ने लगातार दो अंक लेकर 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 7-13 कर दिया।

मुंबा के लिए सुपर टैकल आन था। सुधाकर गए और लपक लिए गए। इसके बाद मुंबा के डिफेंस ने देवांक को भी लपक लिया। अजीत ने फिर डू ओर डाई पर अंक लेकर स्कोर 39-25 कर दिया। अगली रेड पर हालांकि मुंबा के डिफेंस से गलती करा दो अंक ले लिए लेकिन फिर सुपर टैकल कर लिए गए। इसके बाद हालांकि पटना फिर से मुंबा को सुपर टैकल और फिर आलआउट की ओर ले आए लेकिन अजीत ने उसे बचा लिया। पटना ने हालांकि जल्द ही आलआउट लेकर स्कोर 35-42 कर दिया। आलइन के बाद रोहित ने एक अंक लिया और पटना की हार तय कर प्लेआफ के दरवाजे पर कदम रख दिया।

# पाकिस्तान की शानदार जीत



नई दिल्ली.

कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवुमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवुमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासेन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिये। अबरार अहमद को दो विकेट मिले। आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कल देर रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।

वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वेना मफाका ने चार विकेट लिये। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। ब्योर्न फोर्टेन और एंडिले फेहुक्वायो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मोंटेक्स बॉल क्रिकेट स्पर्धा मे लेट. एम.मानकर इंग्लिश स्कूल को प्रथम स्थान

नागपुर.

हाल ही में नागपुर डिस्ट्रिक्ट मोंटेक्स बॉल क्रिकेट स्पर्धा कलोडे कॉलेज ओंकार नगर रोड यहां पर ली गई,इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के कई छात्रों 30 से 35 स्कूल का समावेश रहा,लेट.एम.मानकर इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने 17 वर्ष के अंदर 4 ओवर में 85 रन की पारी खेलकर आगे वाली टीम को 40 रनों से पराजित करके प्रथम स्थान की ट्रोपी स्कूल के नाम की.

विजयी हुये छात्रों के नाम कूच इस प्रकार हैं! वंश थोरात, यश हटवार, मनस्व मेश्राम, देवांशू ठाकरे, राघव भडांगे, चैतन्य येस्कर ,नैतिक




धरमारे विजेता हुए छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय स्कूल के संचालिका डॉ.अपेक्षा मानकर ( गोतमारे ) मुख्याध्यापिका नेहा इंगोले, स्कूल के शारीरिक शिक्षक चंद्रकांत तारेकर, रोशन ठाकरे,शिक्षक गण को दिया.

# अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे यूपी योद्धाज

नई दिल्ली.

यूपी योद्धाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 121वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 59-23 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। शीर्ष-2 में रहते हुए सीधे सेमीफाइनल खेलने का इरादा रखने वाली यूपी को बुधवार को पटना पाइरेट्स की जीत के साथ प्लेआफ का टिकट मिल गया था।

यूपी ने 21 मैचों में 12वीं जीत दर्ज की और इसमें गगन गौड़ा (19) और भवानी राजपूत (10) का अहम योगदान रहा। दूसरी ओर, प्लेआफ की दौड़ से पहले ही बाहर रो चुकी गुजरात को 20 मैचों में 13वीं हार मिली। इस टीम के लिए सिर्फ जीतेंद्र यादव (6) ने डिफेंस में प्रभावित किया। यूपी ने रेड में 18 के मुकाबले 31 और डिफेंस में 7 के मुकाबले 18 अंक लिए। बहरहाल,दोनों टीमों ने रेड प्वाइंट्स के साथ शुरुआत की लेकिन दूसरे मिनट में राकेश ने सुपर रेड के साथ गुजरात को 4-1 की लीड दिला दी। गगन ने सुपर रेड के साथ इसका जवाब दिया और गुजरात को आगे कर दिया। इसके बाद हालांकि यूपी ने



लगातार दो अंक लेकर यूपी को 6-5 की लीड दिला दी।

7-6 के स्कोर पर यूपी ने गुजरात के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। राकेश डू ओर डाई रेड पर लपके गए और फिर यूपी ने गुजरात को आलआउट करते हुए 12-7 की लीड ले ली। 10 मिनट की समाप्ति तक यूपी ने 15-7 की लीड ले ली थी। ब्रेक के गगन ने गुमान के एक अंक का जवाब दो से दिया। जल्द ही यूपी ने 18-9 की लीड ले ली। दोनों विभागों में लगातार अच्छा करते हुए यूपी ने 16वें मिनट में 10 अंक की लीड ले ली, जिसे गगन ने मल्टीप्वाइंटर के साथ न सिर्फ 12 का किया बल्कि गुजरात को आलआउट की ओर भी धकेल दिया। फिर दूसरा आलाउट ले यूपी ने 26-10 की लीड ले ली। गगन अपना सुपर-10 पूरा कर चुके थे। बहरहाल, यूपी ने 29-11 के स्कोर पर पाला बदला। हाफटाइम के बाद यूपी ने गुजरात के लिए तीसरी बार सुपर टैकल आन किया और फिर आलआउट लेकर 35-12 की लीड ले ली। आलइन के बाद यूपी ने दो के मुकाबले पांच अंक लेकर अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। इस बीच भवानी ने आदेश को आउट कर गुजरात को फिर सुपर टैकल सिचुएशन में डाला। इस बार गुजरात ने सुपर टैकल के दो अंक लिए।गुजरात का डिफेंस हालांकि भवानी को सुपर टैकल करते हुए गलती कर गया। इस तरह ने यूपी चौथे आलआउट के साथ 30 मिनट की समाप्ति तक 47-16 की लीड ले ली। यूपी की टीम यहीं नहीं रुकी और 33 मिनट खेल में पांचवीं बार गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया।

# आईपीएल 2025 से पहले रिंकू सिंह बन गए कप्तान

नई दिल्ली.



रिंकू सिंह को आज से शुरू होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश का कप्तान बनाया गया है। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार की जगह ली है, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम की कप्तानी की थी। ऐसा पहली बार होगा कि रिंकू सीनियर स्तर पर राज्य की किसी टीम की कप्तानी करेंगे। इससे पहले उन्होंने मेरठ मैवरिक्स को यूपी टी20 लीग का खिताब जिताया था। रिंकू ने अपनी कप्तानी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा "यूपी टी20 लीग में नेतृत्व करना मेरे लिए बड़ा मौक़ा था। इससे मुझे काफ़ी कुछ सीखने को मिला। मैंने यूपी टी20 लीग में गेंदबाजी भी आज़माई। मौजूदा समय का क्रिकेट एक ऐसे क्रिकेटर की मांग करता है, जो बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों कर सके। अब मैं अपनी गेंदबाजी पर भी ध्यान दे रहा हूं। उत्तर प्रदेश के कप्तान के तौर पर मेरी जिम्मेदारी बढ़ गई है और मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार हूं।

रिंकू को ऐसे समय में कप्तानी का प्रभार मिला है, जब उनकी आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स, आईपीएल 2025 सीज़न के लिए कप्तान चुनने पर विचार कर रही है। हालांकि रिंकू ने कहा कि उनका ध्यान फिलहाल उत्तर प्रदेश की टीम को विजय हजारे ट्रॉफी जीतने पर है। उन्होंने कहा, "मैं नए आईपीएल सीजन में केकेआर की कप्तानी के बारे में ज़्यादा नहीं सोच रहा हूं। मैं अपनी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं ताकि उत्तर प्रदेश की टीम उस ट्रॉफी को फिर से जीत सके, जो हमने पहली बार 2015-16 में जीती थी।"

यह टूर्नामेंट चयनकर्ताओं को फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की वनडे टीम तय करने में मदद करेगा। रिंकू इस साल विश्व कप के बाद से टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नियमित रूप से भारतीय टीम के सदस्य हैं। उन्होंने अब तक सिर्फ़ दो वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में ठीक एक साल पहले अपना वनडे डेब्यू किया था। रिंकू के लिस्ट-ए आंकड़े बेहद प्रभावशाली हैं। उन्होंने 52 पारियों में 48.69 की औसत और 94.8 के स्ट्राइक रेट से कुल 1899 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि रिंकू इस टूर्नामेंट को अपनी योग्यता साबित करने के मौके के रूप में नहीं देख रहे हैं।

उन्होंने कहा, "मुझे भगवान पर भरोसा है। जब मैंने पिछले साल आईपीएल में लगातार पांच छक्के मारे थे, तब मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय टीम का हिस्सा बनूंगा। वह मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। आज भी मुझे लगता है कि अगर भगवान ने मेरे लिए कुछ तय किया है, तो मुझे वह ज़रूर मिलेगा, लेकिन इसके लिए मुझे अपनी मेहनत जारी रखनी होगी।"

सभी मुकाबले विशाखापट्टनम में होंगे

उत्तर प्रदेश की टीम आज जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद उन्हें मिज़ोरम (23 दिसंबर), तमिलनाडु (26 दिसंबर), छत्तीसगढ़ (28 दिसंबर), चंडीगढ़ (31 दिसंबर) और विदर्भ (3 जनवरी) के खिलाफ मैच खेलने हैं। सभी मुकाबले विशाखापट्टनम में खेले जाएंगे।

# बांग्लादेश ने वेस्ट इंडीज को 3-0 से क्लीन स्वीप

एडिलेड.

ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर इन दिनों बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 की धूम मची हुई है। भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज हुआ था। पहला टेस्ट मैच भारतीय टीम ने रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में खेला और ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से करारी शिकस्त देते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। पर्थ टेस्ट में जीत के बाद भारतीय दूसरा टेस्ट मैच खेलने एडिलेड पहुंची लेकिन डे-नाइट टेस्ट मैच में पिंक बॉल के आगे टिक नहीं सकी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार कमबैक करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की और सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। इसके बाद दोनों टीमों का गाबा टेस्ट में आमना-सामना हुआ लेकिन बारिश के कारण मैच ड्रॉ हो गया। अब सीरीज का चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में खेला जाना है जिसकी तैयारी में दोनों टीमें जुटी हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेले गए अब तक तीनों टेस्ट मैच अलग-अलग समय पर शुरू हुए थे और अब चौथे टेस्ट मैच का आगाज भी बदले हुए समय पर होगा। पर्थ में पहला टेस्ट मैच भारतीय समयानुसार 7 बजकर 50 मिनट पर शुरू हुआ था।

इसके बाद एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच का आगाज भारतीय समय के हिसाब से 9 बजकर 30 मिनट पर हुआ। इसके बाद गाबा में खेला जाने वाला तीसरा टेस्ट मैच सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर शुरू हुआ। हालांकि बारिश के कारण अगले 4 दिन का खेल भारतीय समयानुसार सुबह 5:20 पर शुरू किया गया, जो पहले 5:50 पर शुरू होना था ताकि पहले दिन के ओवरों की भरपाई की जा सके।

# 'आत्मनिर्भरता का नया चरण शुरू करने का समय आया'

## राष्ट्रपति मुर्मू का बयान

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अब समय आ गया है कि देश में ही अत्याधुनिक उपकरणों का निर्माण किया जाए और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का नया चरण शुरू किया जाए। राष्ट्रपति ने कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट को राष्ट्रपति का ध्वज प्रदान करते हुए कहा कि केंद्रीय सरकार ने रक्षा उद्योग की स्वदेशी क्षमता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया', 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और रक्षा



औद्योगिक गलियारों के विकास जैसी पहलों के माध्यम से सरकार भारतीय और विदेशी निवेशकों को रक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। भारत अब कई रक्षा उत्पादों को घरेलू स्तर पर बनाने पर ध्यान दे रहा है, ताकि उन्हें आयात न करना पड़े। राष्ट्रपति ने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम देश में तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके आत्मनिर्भरता का नया चरण शुरू करें। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि रक्षा बलों के अधिकारी इस लक्ष्य को हासिल करने में पूरी तरह से योगदान देंगे और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करेंगे। भारत अब अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करने और नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, साइबर युद्धकौशल और अंतरिक्ष रक्षा तकनीकों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारतीय रक्षा क्षेत्र को समय के साथ बदलते हुए विकसित और अनुकूलित होना चाहिए, ताकि भारत एक मजबूत, सहनशील और सहयोगी राष्ट्र बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र बलों के जवानों को नई तकनीकों और बदलती सुरक्षा स्थितियों के बारे में अपडेट रहना चाहिए। राष्ट्रपति ने महिला अधिकारियों की सराहना की और कहा कि वे अन्य महिलाओं और लड़कियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो बड़े सपने देखती हैं।

### रणनीतिक रक्षा साझेदारी बना रहा भारत

❍ उन्होंने बताया कि भारत वैश्विक स्तर पर रणनीतिक रक्षा साझेदारी बना रहा है और इससे भारत का प्रभाव वैश्विक रक्षा चर्चाओं में बढ़ा है। आत्मनिर्भरता, तकनीकी विकास और रणनीतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करके, भारत न केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा कर रहा है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता में भी योगदान दे रहा है।

# पीएम आज कुवैत के दौरे पर



**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री मोदी 21 आज कुवैत के दौरा पर जा रहे हैं. कुवैत के अमीर के निमंत्रण उनका यह दौरा हो रहा है. 42 वर्षों बाद किसी पीएम की यह कुवैत यात्रा है. पीएम मोदी की कुवैत यात्रा द्विपक्षीय संबंधों की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है. विदेश मंत्रालय के आला अधिकारी ने बताया कि कुवैत में दस लाख भारतीय मौजूद हैं. प्रधानमंत्री भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिलेंगे और लेबर कैंप का भी दौरा करेंगे, ताकि उनको यह संदेश जाए कि भारत सरकार की प्राथमिकता में वो लोग हैं. अगले दिन यानी रविवार को आधिकारिक कार्यक्रम होगा, जिसमें कतर के अमीर और क्राउन प्रिंस से मुलाकात होगी.

इस मुलाकात के दौरान विभिन्न मुद्दों पर बातचीत होगी. विदेश विभाग के आला अधिकारी ने कहा कि निवेश से लेकर कई मुद्दों पर चर्चा होने के आसार हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुवैत यात्रा अत्यधिक महत्वपूर्ण है और इससे द्विपक्षीय संबंधों के अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर तीन महत्वपूर्ण तथ्यों के संदर्भ में. सबसे पहले, यह यात्रा 42 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कुवैत की हो रही है.

दूसरे, यह खाड़ी क्षेत्र का एकमात्र देश है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक दौरा नहीं किया है और तीसरा, दोनों पक्षों के बीच, यदि आप देखें तो, यह पिछले एक दशक में पहली उच्च स्तरीय यात्रा है. बता दें कि कुवैत के अंतिम प्रधानमंत्री ने 2013 में भारत का दौरा किया था, इसलिए यह यात्रा बहुत खास है. दूसरी ओर, विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी कुवैत के प्रधानमंत्री शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह से मुलाकात करेंगे. इस यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी कुवैत के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और कुवैत में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे. भारत कुवैत के शीर्ष व्यापारिक भागीदारों में से एक है. कुवैत कच्चे तेल का छठा सबसे बड़ा आयात स्रोत है. वहीं, कुवैत के लिए, भारत से खाद्य उत्पाद उनकी खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए आवश्यक हैं. निर्यात के संदर्भ में द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि हो रही है. पिछले साल पहली बार 2 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ है.

# पाक और बांग्लादेश के बीच सुलझेगा 1971 का मुद्दा



**काहिरा.**

मिस्र की राजधानी काहिरा में डी-8 सम्मेलन आयोजित है। यहां बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच मुलाकात हुई। इस मुलाकात में दोनों ने नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापार, वाणिज्य और खेल और सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ाकर संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया यूनुस ने अपनी सरकार में आवश्यक सुधार करने और साल 2026 के मध्य से पहले आम चुनाव कराने की योजना के बारे में भी बात की. यूनुस ने कहा कि वो सुधारों पर बातचीत करने के लिए एक सर्वसम्मति बनाने वाले आयोग का नेतृत्व कर रहे हैं। इसी के साथ उन्होंने अपने पाकिस्तानी समकक्ष से साल 1971 के मुद्दों को सुलझाने की अपील की ताकि ढाका को इस्लामाबाद के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने में मदद मिल सके। अंतरिम सरकार के मखिया ने पाक पीएम शरीफ से कहा कि ये मुद्दे बार-बार उठते रहते हैं। आइए हम इन मुद्दों को सुलझा लिया जाए। ताकि हम आगे बढ़ सकें। भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बार फिर से इन चीज़ों को सुलझाना अच्छा होगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत को शामिल करने वाले 1974 के त्रिपक्षीय समझौते ने चीजों को सुलझाया है। लेकिन अगर कोई दूसरे अटके हुए मुद्दे हैं, तो उन्हें उन पर विचार करके खुशी होगी। शरीफ ने कहा कि हम वाकई अपने भाई बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं।

# संभल सांसद के घर पर चला 'बाबा का बुलडोजर'

### खटकाया गृह मंत्री शाह का दरवाजा, मांगा समय

**संभल.** सांसद जिया उर रहमान बर्क ने गृह मंत्री अमित शाह से मिलने का समय मांगा है। मामले पर सूत्रों के मुताबिक, बर्क ने संभल के हालात, कानून व्यवस्था, प्रशासनिक और पुलिसिया कार्रवाई को लेकर अपनी बात रखने के लिए समय मांगा है. देखा जाए तो पिछले 24 घंटे में प्रशासन ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ पांचवीं कार्रवाई की गई है। छापेमारी, एफआईआर और बिजली कटौती के बाद सांसद के घर की सीढ़ियां भी अब बुलडोजर से



तोड़ दी गई है।

इसका साथ ही सांसद के जिस मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई है, वो बिना नक्शा स्वीकृत कराए गए हैं। हालांकि इस बाबत संभल सांसद को पहले ही दो नोटिस भेज चुके हैं। वहीं, संभल के कई इलाकों में वैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका की तरफ से लगातार कार्रवाई जारी है। संभल के बिजली विभाग ने लोकसभा सदस्य जिया उर रहमान पर बिजली चोरी के आरोप में 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और कथित बिजली चोरी के लिए उनके आवास की बिजली भी काट दी है।

सांसद के खिलाफ विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत बिजली चोरी के आरोप में पुलिस द्वारा मामला दर्ज किये जाने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। बिजली विभाग ने इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती के बीच बृहस्पतिवार सुबह बर्क के आवास पर निरीक्षण शुरू किया था। वहीं बर्क उन लोगों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ पुलिस ने 24 नवंबर को हुई हिंसा के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। संभल के कोट गर्वी इलाके में अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का विरोध करने पर सुरक्षाकर्मियों के साथ हुई झड़प में चार स्थानीय लोगों की मौत हो गई थी। इधर सांसद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील कासिम जमाल ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा था, ''निवास में चार किलोवाट के दो कनेक्शन, 10 किलोवाट का सौर पैनल और पांच किलोवाट का जनरेटर है। 'सेटअप' में दो 'एयर कंडीशनर', 6-7 'सीलिंग फैन (छत वाले पंखे)', एक रेफ्रिजरेटर और लाइट शामिल हैं। बिल बहुत कम है क्योंकि यहां परिवार के केवल चार सदस्य रहते हैं – सांसद, उनकी पत्नी, उनकी मां और उनके पिता।

# पीएम मोदी ने ओपी चौटाला के निधन पर जताया दुख



**नई दिल्ली.** हरियाणा के पूर्व सीएम और इंडियन लोकदल के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व सीएम चौटाला ने देश के उप प्रधानमंत्री रहे अपने पिता चौधरी देवीलाल के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौटाला का दिल का दौरा पड़ने के बाद शुक्रवार को गुरुग्राम में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। वह पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। प्रदेश की राजनीति में वह वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओमप्रकाश चौटाला आखिरी बार 2005 में रोड़ी विधानसभा से चुनाव लड़ा था। चौटाला परिवार मूल रूप से हिसार का रहने वाला है और ये इलाका जाटों का गढ़ माना जाता है। हरियाणा की राजनीति में जाट समुदाय का अच्छा खासा प्रभाव है। राज्य में करीब 26 से 28 फीसदी आबादी है और 36 विधानसभाओं में प्रभाव है। हरियाणा और देश की सियासत में चौधरी देवीलाल ताऊ मशहूर रहे। वह देश के डिप्टी पीएम भी रहे। देवीलाल की 5 संतानों में चार बेटों में ओमप्रकाश चौटाला भी एक थे।

# इमारत में लगी भीषण आग, नौ लोगों की मौत



**ताइपे.** मध्य ताइवान में एक निर्माणाधीन इमारत में भीषण आग लग गई। जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। मीडिया के जरिए इस घटना की जानकारी हुई। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में ताइचुंग शहर की पांच मंजिला इमारत के एक छोर से धुएं का गुब्बार और आग की लपटें उठती दिखाई दे रही हैं। फिलहाल आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हुआ है, लेकिन ताइचुंग सरकार ने कहा कि उस स्थान पर बड़ी मात्रा में फोम के पैनल होने के कारण आग तेजी से फैल गई। ताइवान की मीडिया के मुताबिक, तीसरी मंजिल से कूदने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दमकल कर्मियों ने बचाव अभियान के दौरान अन्य पीड़ितों के शव बरामद किए और 19 लोगों को बचा लिया गया।

# अमेरिका ने की नई जलवायु कार्ययोजना की घोषणा

**वाशिंगटन.** अमेरिका ने गुरुवार को अपनी ताजा जलवायु कार्ययोजना की घोषणा की। जिसमें 2035 तक उत्सर्जन को 2005 के स्तर से 61-66 प्रतिशत कम करने को कहा गया है। अमेरिका दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों का सबसे बड़ा उत्सर्जक है। ताजा जलवायु योजना से वैश्विक जलवायु कार्रवाई पर व्यापक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। यदि ट्रंप इस पर अमल करते हैं, तो इसका मतलब यह होगा कि वह राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत किसी भी प्रतिबद्धता से पीछे हट जायेंगे।

इस घोषणा के साथ ही अमेरिका अपने जलवायु लक्ष्यों को अपनाने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और ब्राजील ने पिछले महीने अजरबैजान के बाकू में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी29 के दौरान अपनी योजनाएं बनाई थी। विकासशील और गरीब देशों ने सीओपी29 में नए जलवायु वित्त समझौते को न चाहते हुए भी स्वीकार कर लिया था। क्योंकि उन्हें ऐसी आशंका थी कि यदि चर्चा अगले साल ब्राजील में होने वाले सीओपी30 तक टाल दी गई तो परिणाम और भी खराब हो सकते हैं। एक पूर्व भारतीय वार्ताकार ने बताया कि कई देश इस फैसले को टालना चाहते थे। लेकिन उन्हें चिंता थी कि अगले दौर की वार्ता और भी कठिन होगी। खासकर तब जब ट्रंप के शासन में अमेरिका के पीछे हटने का अनुमान है। अमेरिकी विशेष जलवायु दूत जॉन पोडेस्टा ने संवाददाता सम्मेलन में राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद लक्ष्य को पूरा करने की देश की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाइडन-हैरिस प्रशासन भले ही अपना कार्यकाल समाप्त करने वाला हो, लेकिन हमें इस नए जलवायु लक्ष्य को प्राप्त करने के संबंध में अमेरिका की क्षमता पर पूरा भरोसा है।

# रोड्स द्वीप पर प्रवासियों को ले जा रही बोट पलटी

**नई दिल्ली.** रोड्स द्वीप के पास प्रवासियों को ले जा रही स्पीडबोट पलट गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हालांकि, 18 लोगों को बचा लिया गया है। ग्रीक तट रक्षक बलों ने इसकी जानकारी दी। यह घटना कांगो में लोगों से भरी एक नाव के फिमी नदी में पलट जाने के दो दिन के बाद घटी। 18 दिसंबर को लोगों से खचाखच भरी एक नाव फिमी नदी में पलट गई। हादसे में बच्चों सहित 25 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग लापता हो गए। नाव में सामान भी लदा हुआ था और मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। यह घटना कांगो की राजधानी किंशासा से उत्तर-पूर्व में स्थित इनोंगो शहर के पास हुई। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, नाव में 100 से ज्यादा लोग सवार थे।

# जहाजों को लेकर श्रीलंका बनाएगा राष्ट्रीय नीति



**कोलंबो.** श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका जल्द ही विदेशी शोध जहाजों की यात्राओं की अनुमति देने पर राष्ट्रीय नीति तैयार करेगा। यह बात चीनी निगरानी जहाजों की लगातार डॉकिंग अनुरोधों के बीच कही गई है, जिससे भारत में चिंताएं बढ़ गई हैं। विदेश मंत्री विजिता हेराथ की यह टिप्पणी श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद आई है। जनवरी में, श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र और विशेष आर्थिक क्षेत्र में संचालित विदेशी समुद्री वैज्ञानिक अनुसंधान सर्वेक्षण जहाजों पर एक साल का प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि भारत और अमेरिका ने उच्च तकनीक वाले चीनी निगरानी जहाजों की लगातार डॉकिंग अनुरोधों के बाद सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं जताई थीं। विदेश मंत्री ने कहा कि अनुसंधान जहाजों की अनुमति देने पर श्रीलंका का प्रतिबंध अभी भी लागू है, जिसकी उचित समीक्षा की जाएगी। वहीं भारत से कोलंबो लौटने पर राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने चीन के एक शीर्ष सरकारी अधिकारी के साथ बैठक की, जिन्होंने चीन की इच्छा व्यक्त की कि चीनी अनुसंधान जहाज कोलंबो में अपनी यात्राएं फिर से शुरू करें। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत ने दिसानायके के भारत प्रवास के दौरान ऐसी यात्राओं पर चिंता जताई थी, हेराथ ने कहा कि भारत की चिंताएं उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों पर आधारित थीं।

# नक्सलवाद से निपटने में एसएसबी की अहम भूमिका

**कोलकाता.**

पश्चिम बंगाल के रानीडांगा स्थित सिलीगुड़ी फ्रंटियर (एफटीआर) मुख्यालय में सशस्त्र सीमा बल के 61वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों के साथ भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई है। इसके साथ ही बिहार और झारखंड में नक्सलवाद से निपटने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सिलीगुड़ी गलियारे और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल की सतर्कता और उपस्थिति ने सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। वामपंथी उग्रवाद से



निपटने के एसएसबी के प्रयासों को लेकर गृह मंत्री शाह ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने बिहार और झारखंड में नक्सलवाद के खतरे को खत्म करने में अहम योगदान दिया है। अन्य सुरक्षा एजेंसियों, स्थानीय पुलिस के साथ उनकी सक्रिय समझ ने छत्तीसगढ़ में भी नक्सलवादी गतिविधियों को कमजोर किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल से सीमा आंदोलन के दौरान राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने और ऐसे मामलों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपने के लिए कहा। शाह ने कहा कि एसएसबी का 61वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करने का दिन है। एसएसबी के जवानों ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने और अवैध गतिविधियों को रोकने का अद्भुत काम किया है।

### गृह मंत्री ने की एसएसबी की तारीफ

### लोकसभा चुनाव के बाद यह दूसरा मौका

❍ शाह ने कहा कि सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देने की एसएसबी ने अनूठी पहल की है। एसएसबी ने भारत के सीमावर्ती गांवों की संस्कृति, भाषा और विरासत को देश की मुख्यधारा से जोड़ा है। यह पहल राष्ट्र और उसके सीमावर्ती समुदायों के बीच गहरे संबंध को मजबूत करती है। लोकसभा चुनाव के बाद यह दूसरा मौका है, जब शाह बंगाल आए हैं।


